चैत्र शुक्ल पक्ष-11, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 184 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
28 दिसंबर 2024 शनिवार

आज का मौसम
25 अधिकतम
9 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



# आर्थिक सुधारों के आर्किटेक्ट को अंतिम विदाई

## पूर्व पीएम डॉ मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार हुआ

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय राजनीति में सबसे अलग स्थान रखने वाले और देश में आर्थिक सुधारों के आर्किटेक्ट कहे जाने वाले पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार आज निगम बोध घाट पर हुआ। इससे पहले उनकी पार्थिव देह घर से कांग्रेस मुख्यालय लाई गई,जहां नेताओं ने उन्हें श्रध्दांजलि दी। अंतिम संस्कार में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु,पीएम नरेंद्र मोदी, कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे, केंद्रीय मंत्री अमित शाह,राजनाथ सिंह आदि शामिल हुए। कांग्रेस मुख्यालय पर डॉ. सिंह की पत्नी गुरशरण कौर और बेटी दमन सिंह समेत कई नेताओं ने उनके अंतिम दर्शन किए। जब यहां से





शव यात्रा शुरू हुई तो राहुल गांधी पार्थिव देह के साथ गाड़ी में ही बैठे। डा सिंह का निधन गुरुवार रात हुआ था, वे 92 वर्ष के थे।

**अंतिम संस्कार स्थल पर उभरी तल्खी:** निगमबोध घाट पर पूर्व पीएम मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार को लेकर कांग्रेस ने नाराजगी जताई है। महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा- सरकार पूर्व पीएम का स्मारक बनाने के लिए जमीन तक नहीं तलाश पाई। ये देश के पहले सिख पीएम का अपमान है। कल रात कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मोदी-शाह से मांग की थी कि मनमोहन सिंह का जहां अंतिम संस्कार हो, वहीं स्मारक बनाया जाए। आखिर गृह मंत्रालय ने आधी रात बताया कि स्मारक की सही जगह तय करने में कुछ दिन लग सकते हैं।

### अहम फैसले, आज तक असरदार

मनमोहन सिंह की सरकार के कार्यकाल में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी, शिक्षा का अधिकार, सूचना का अधिकार, खाद्य सुरक्षा जैसे कानून आए और आधार कार्ड आया और डायरेक्ट कैश बेनिफिट की बात शुरू हुई। उनकी सरकार के समय हुई किसान कर्जमाफी भी 2009 के लोकसभा चुनाव में गेमचेंजर साबित हुई तथा कांग्रेस गठबंधन ने लगातार दूसरी बार सरकार बनाई व मनमोहन का नाम पंडित जवाहरलाल नेहरु के बाद पांच साल सरकार चलाने के बाद लगातार दूसरी बार सरकार बनाने का जनादेश पाने वाले पहले प्रधानमंत्री के तौर पर भी दर्ज हो गया।

### अफसर समेत तीन घायल,एक तस्कर दबोचा

## तस्करों ने नारकोटिक्स टीम पर फायरिंग की,टोल पर फिल्मी अंदाज में भिड़ंत

नीमच. एजेंसी

केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो की टीम ने देर रात फिल्मी अंदाज में डोडाचूरा से भरी इनोवा कार जब्त की। इस दौरान एक आरोपी फायरिंग करते हुए भाग निकला। गोलीबारी में एक अफसर घायल हुआ है, जबकि वाहन की टक्कर में दो कर्मचारियों को चोट आई है। एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। यह मामला राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले के मंगलवाड़ के पास नारायणपुरा टोल प्लाजा का है। कार्रवाई तड़के करीब 4.30 बजे की है। इसका वीडियो सामने आया है। सीबीएन की टीम ने इनोवा कार से 345 किलो से ज्यादा डोडाचूरा जब्त किया है। बताया जाता है कि इनोवा ने तेजी से बोलेरो को टक्कर मारी तो टोल प्लाजा पर मौजूद कर्मचारी भी डर गए। वहां अफरा-तफरी मच गई। तलाशी के दौरान कार में से 17 बोरों में भरा 345.940 किलोग्राम डोडाचूरा बरामद किया गया है। कार को भी जब्त कर लिया गया है। दरअसल, नारकोटिक्स ब्यूरो को सूचना थी कि चित्तौड़गढ़-उदयपुर हाईवे से मादक पदार्थ की खेप इनोवा कार से ले जाई जा रही है। इस पर टीम ने टोल बैरियर पर नाकेबंदी कर दी। जैसे ही संदिग्ध वाहन टोल प्लाजा पर पहुंचा, वहां



पहले से तैनात अफसरों ने सामने से बोलेरो लगा दी लेकिन तस्कर रुके नहीं, ड्राइवर ने सीबीएन के वाहन को जोरदार टक्कर मारकर भागने की कोशिश की। ड्राइवर कार रुकने के बाद फायरिंग करते हुए भागने लगा तो टीम ने दबोच लिया।

### सौरभ शर्मा पर शिकंजा सख्त, छापेमारी में बरामद हुए अहम दस्तावेज

## ईडी का एक्शन जारी,दीवारों के भीतर भी 'माल' तलाशा

भोपाल. दोपहर मेट्रो

लोकायुक्त की रेड और आयकर विभाग द्वारा सोना और कैश से लदी कार जब्त करने के बाद कल से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की आरटीओ के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा के खिलाफ कार्रवाई जारी है। उस पर मनी लाड्रिंग का केस भी दर्ज हो गया है। बताया जाता है कि ईडी टीम ने मेटल डिटेक्टर और आधुनिक उपकरणों की मदद से उसके घर की फर्श और दीवारों की जांच की है। इसके साथ ही जब्त दस्तावेजों की छानबीन जारी है। भोपाल में सौरभ शर्मा के अरेरा कालोनी स्थित मकान, कार्यालय और जयपुरिया स्कूल परिसर में छापे की कार्रवाई के बाद बडे सुराग मिलने की संभावना है। ईडी ने उस घर को भी तलाशा है जो लोकायुक्त छापे में छूट गया था।

जांच अफसरों को आशंका है कि जिस तरह लोकायुक्त के छापे के दौरान सौरभ के घर में टाइल्स के नीचे ढाई क्विंटल चांदी मिली थी, उसी तरह और भी सोना और चांदी छिपाकर रखा गया हो सकता है। हालांकि अभी तक क्या जब्त किया गया है, इसका खुलासा नहीं हुआ है। जबलपुर में सौरभ के ससुरालजनों पर भी ईडी कार्रवाई जारी है। बताया जाता है कि जबलपुर में सुबह करीब पांच बजे प्रेस लिखी गाड़ियों में सवार होकर ईडी के अधिकारी उनके घर पहुंचे थे। यहां सौरभ के साले शुभम तिवारी के नाम पर निवेश किये गये हैं। उनकी गड़ा और भेड़ाघाट क्षेत्र में निर्माणाधीन कॉलोनियां हैं। इसके अलावा कुछ प्रभावशाली लोगों के साथ भी वह काम कर रहे हैं।



### बेटों को भी विदेश बुलाने की तैयारी!

बताया जाता है कि भोपाल में ईडी जब कार्रवाई कर रही थी उसी दौरान एक डाकिया सौरभ के दोनों बेटों के पासपोर्ट लेकर पहुंचा। इन पासपोर्ट को उन्हें विदेश ले जाने से जोड़कर देखा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि छापे से चार दिन पहले यानी 15 दिसंबर को ही सौरभ अपनी पत्नी दिव्या के साथ दुबई गया था। उसे 21 दिसंबर को वापस लौटना था। दोनों बेटे दादी के पास रहे। सौरभ के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी किया गया है। जिला अदालत ने उसकी अग्रिम जमानत याचिका भी खारिज कर दी है।

## रूस की हवाई सुरक्षा ने वोरोनिश क्षेत्र में 10 से अधिक ड्रोन किए नष्ट

मॉस्को, एजेंसी

रूस की वायु रक्षा और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणालियों ने वोरोनिश क्षेत्र में दस से अधिक ड्रोन नष्ट कर दिए। यहां के गवर्नर अलेक्जेंडर गुसेव ने एक बयान में यह जानकारी दी। गुसेव ने टेलीग्राम पर लिखा, वोरोनिश के उपनगरों और क्षेत्र के कई जिलों में ड्यूटी पर तैनात वायु रक्षा बलों और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणालियों ने दस से अधिक ड्रोनों का पता लगाया और उन्हें नष्ट कर दिया। एक जिले में... ड्रोन का मलबा गिरने के कारण रेलवे पर ओवरहेड लाइन टूट गई थी। जब तक इसका मामला नहीं हो जाता , तब तक एक ट्रेन देरी से चल रही है, और कई अन्य ट्रेनों में भी देरी होने की आशंका है।

## बर्थडे पार्टी में गोलीबारी,एक मौत डीएसपी पर आरोप

सासाराम, एजेंसी

बर्थडे पार्टी के दौरान गोलीबारी की घटना में एक पुलिस अफसर पर आरोप लगे हैं। घटना में एक युवक की मौत हो गई। वहीं दो की हालत गंभीर है। हत्या का आरोप ट्रैफिक डीएसपी पर लगा है। लोगों ने घटना के विरोध में बवाल किया है। एक निजी कैंपस में बीती रात कुछ युवक बर्थडे पार्टी कर रहे थे। शोर-शराबा सुनकर पास से गुजर रहे यातायात डीएसपी आदिल बिलास दलबल के साथ पहुंचे। युवकों के साथ उनकी झड़प हो गई। इसी क्रम में गोली लगने से एक युवक की मौत हो गई।

## सीएम ने पेसा कानून कार्यबल की बैठक ली

भोपाल. दोपहर मेट्रो

मध्यप्रदेश के मु यमंत्री डॉ मोहन यादव आज वन अधिकार अधिनियम और पेसा कानून के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु गठित टास्क फोर्स की कार्यकारी समिति की बैठक ली। आधिकारिक जानकारी के अनुसार डॉ. यादव ने सुबह समत्व भवन में खाद वितरण की समीक्षा भी की। इसके बाद उन्होंने वन अधिकार अधिनियम और पेसा कानून के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए गठित टास्क फोर्स की कार्यकारी समिति की बैठक में अफसरों को जरूरी निर्देश दिए। आज ही डॉ. यादव वैश्विक निवेशक स मेलन (जीआईएस) की तैयारी, निवेश प्रोत्साहन की अद्यतन स्थिति और विकास कार्यों के संबंध में अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श करेंगे। इसके बाद वे नगरीय विकास एवं आवास विभाग की समीक्षा बैठक करेंगे।



## यादव ने पटवा व ठाकरे को किया नमन

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भाजपा के पितृ पुरुष कहे जाने वाले स्वर्गीय कुशाभाऊ ठाकरे और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री सुंदरलाल पटवा की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया है। डॉ यादव ने एक्स पर पोस्ट किया,''भाजपा के पितृपुरुष एवं पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष, श्रद्धेय कुशाभाऊ ठाकरे जी की पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। पार्टी के विकास व विस्तार के पर्याय आदरणीय ठाकरे जी ने अद्वितीय सांगठनिक कौशल से असंख्य कार्यकर्ताओं को राष्ट्रसेवा के लिए गढ़कर माँ भारती की सेवा में अमूल्य योगदान दिया है। आपका जीवन युवाओं को देश की सेवा की प्रेरणा प्रदान करता रहेगा। उन्होंने स्वर्गीय पटवा को श्रद्धांजलि देते हुए उन्होंने कहा लोककल्याण के प्रेरणास्रोत, मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री, परम श्रद्धेय सुंदरलाल पटवा जी की पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। प्रदेश के विकास एवं जनकल्याण के प्रति आपके संकल्प और समर्पण सदैव हमें प्रेरणा देते रहेंगे।

**मेट्रो एंकर**

### अभी तीन दिन रहेगा ऐसा ही आलम, फिर मैदानों में लौटेगी कड़ाके की ठंड

## बारिश से सब बाधित..मप्र पर छाए बादलों की स्ट्राइक शुरू, पहाड़ों पर जमी बर्फ, हजारों वाहन टूरिस्ट फंसे

भोपाल. दोपहर मेट्रो

मध्यप्रदेश में ओले-बारिश का दौर कल से तेज हो गया है। आधी रात के बाद भोपाल में जमकर बारिश हुई। सुबह भी कुछ जगह बूंदाबांदी व गरज चमक का दौर रहा। इंदौर और उज्जैन में भी देर रात को गरज-चमक के साथ तेज बारिश हुई है। जबकि रतलाम, मंदसौर, बैतूल, आलीराजपुर समेत कई जिलों में बारिश के साथ ओले गिरे। आज भी दिनभर ऐसा ही मौसम रहेगा। 31 दिसंबर से कड़ाके की सर्दी लौटेगी। मौसम विभाग ने अगले कुछ घंटों में कटनी, पचमढ़ी, हरदा, सागर, खजुराहो, पन्ना, जबलपुर में आकाशीय बिजली चमकने के साथ ओले गिरने और 50 किमी प्रति घंटे तक की रफ्तार से आंधी चलने का अलर्ट जारी किया है। भोपाल, रायसेन के भीमबेटका, दमोह, रीवा, मऊगंज, चित्रकूट, मैहर, बैतूल, सीहोर, विदिशा, सांची, ओंकारेश्वर, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, टीकमगढ़, भिंड, सीधी, सिंगरौली, बांधवगढ़, शहडोल और अनूपपुर में भी मौसम बदला रहेगा। यहां भी बारिश हो सकती है।



### बर्फ ने बंद कराए सारे रास्ते

उधर जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग और तनमार्ग में बर्फबारी के कारण फंसे 68 टूरिस्ट को शुक्रवार देर रात सेना ने रेस्क्यू किया है। आर्मी ने बताया कि अचानक हुई भारी बर्फबारी और सड़कों के बंद होने के कारण 30 महिलाओं और 8 बच्चों समेत 68 लोग घाटी पर फंस गए थे। बर्फबारी के कारण श्रीनगर-लेह हाईवे और मुगल रोड बंद है। श्रीनगर-जम्मू नेशनल हाईवे पर 2,000 वाहन फंसे हैं। श्रीनगर एयरपोर्ट पर 5 उड़ानें भी रद्द हुई। बनीहाल-बारामूला सेक्शन पर रेल सर्विस भी बाधित है।

**दिल्ली में टूटे रेकार्ड:** मैदानी इलाकों में ठंड के साथ बारिश भी देखने को मिल रही है। दिल्ली में 24 घंटे में शहर में 9.1मिमी बारिश दर्ज की गई। यह पिछले 15 साल में दिसंबर महीने की सबसे ज्यादा बारिश रही। वहीं, राजस्थान के अजमेर में भी दिसंबर महीने में पिछले 24 घंटे के दौरान 21.4मिमी से ज्यादा बरसात रिकॉर्ड हुई। यह पिछले 14 साल में दिसंबर की सबसे ज्यादा बारिश है। उप्र के मुजफ्फरपुर में तेज बारिश के कारण एक मकान गिर गया, जिससे महिला की मौत हो गई। बारिश और ठंड के कारण गाजियाबाद-मेरठ में 8वीं तक के स्कूलों की छुट्टी कर दी गई है।

## 111 दवाएं अमानक, दो नकली, बड़ी कार्रवाई होगी

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन ने देशभर में दवा दुकानों से जो नमूने हाल में लिए थे। उनमें गडबडी पाई गई है।दवाओं की गुणवत्ता की जांच के अभियान में नवंबर में 111 दवाएं मानकों पर खरी नहीं पाई गईं। जांच में दो दवाएं नकली मिलीं, जिनके उत्पादकों का कुछ पता नहीं है। इनके नमूने बिहार और गाजियाबाद से लिए गए थे। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय अब इस मामले में कानूनी कार्रवाई शुरू कर रहा है। दवाओं को बाजार से हटाने के निर्देश दिए हैं। इनमें से 41 दवाओं के नमूनों की जांच संगठन और केंद्रीय प्रयोगशालाओं में की गई। 70 की जांच राज्य की प्रयोगशालाओं में की गई थी। इनमें गैस, बुखार, सांस की दवाएं शामिल हैं। बिहार और गाजियाबाद में जिन दो दवाओं के नमूने नकली मिले हैं, उन्हें बड़ी कंपनी के नाम पर बनाया गया है। यहां पैन-40 नामक गैस की दवा नकली पाई गई है। उल्लेखनीय है कि नकली दवाओं के मामले में 10 साल से लेकर उम्रकैद तक की सजा का प्रावधान है।

# धड़ल्ले से हो रहा घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग








भोपाल, दोपहर मेट्रो। शहर में प्रशासन की लापरवाही के कारण व्यापारी फुटपाथ पर घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग बाजारों में कर रहे हैं।

## सवा करोड़ का मुआवजा फिर भी

# नजूल जमीन पर 100 से अधिक मकान-दुकान हटने को तैयार नहीं

भोपाल. दोपहर मेट्रो।

मेट्रो ट्रेन के ओरेंज लाइन के दूसरे भाग जिंसी से करोद के बीच इरानी डेरा निर्माण में बड़ी बाधा है। सरकारी जमीन पर काबिज इस क्षेत्र में अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशन व लाइन का काम होना है। बीते तीन माह से प्रशासन से लेकर मेट्रो कारपोरेशन की टीम सुलह-समझाइश में लगी है, लेकिन कोई हटने को तैयार नहीं है। सरकारी जमीन पर काबिज लोगों के लिए मुआवजे के तय नियमों के तहत यहां सवा करोड़ का मुआवजा प्रशासन को दी जा चुकी है। 100 अधिक निर्माण हटने हैं, इनमें कुछ बड़े होटल भी है। जानकारी के अनुसार एक होटल को तो 38 लाख रुपए मुआवजा देने का ऑफर दिया जा चुका है, बावजूद वह नहीं हट रहा। ऐसे में प्रशासन यहां बड़ी कार्रवाई का मन बना रहा है।

**3.34 किलोमीटर की अंडरग्राउंड लाइन:** मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट की ओरेंज लाइन एम्स से करोद में सुभाष ब्रिज तक का हिस्सा तैयार है, लेकिन जिंसी, पुल बोगदा से हमीदिया रोड, भोपाल रेलवे स्टेशन, नादरा बस स्टैंड से सिंधी कॉलोनी तक 3.34 किमी में अंडरग्राउंड लाइन व दो अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशन बनना है। इसके लिए जगह खाली कराई जा रही है। इरानी डेरा व नादरा बस स्टैंड वाले हिस्से में अंडरग्राउंड स्टेशन बनना है। 30 से 40 मीटर गहराई खुदाई होगी। ऐसे में आसपास का पूरा क्षेत्र खाली करना होगा।

### मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट में इरानी डेरा सबसे बड़ी बाधा

**नए साल से पहले होगी कार्रवाई**

मेट्रो रेल कारपोरेशन व प्रशासन अब इरानी डेरे को फोर्स के साथ हटाने की योजना पर काम कर रहा है। जिन लोगों ने मुआवजा राशि ले ली है, उनके खाली मकान-दुकान तो तोड़े जाएंगे, साथ ही जो खाली नहीं कर रहे उन्हें पुलिस फोर्स की मदद से खाली कराएंगे।



### इधर, अंडरग्राउंड लाइन की एजेंसी तय, फाइनेंस की व्यवस्था बाकी

मेट्रो ट्रेन की अंडरग्राउंड लाइन के लिए एजेंसी तय करने के बावजूद काम शुरू होने में अभी समय लगेगा। पुल बोगदा से करोद वाले हिस्से में 3.34 किमी लंबाई की अंडरग्राउंड लाइन के साथ ही दो अंडरग्राउंड स्टेशन का काम 769 करोड़ रुपए में दिया गया ह। ये राशि यूरोपियन इंन्वेस्टर्स बैंक से प्राप्त होगी। बैंक से मंजूर साढ़े तीन हजार करोड़ रुपए के लोन से इस राशि को निकाला जाएगा। ऐसे में अब कारपोरेशन इस बैंक से इस मद में राशि प्राप्त करने की प्रक्रिया कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि अंडरग्राउंड लाइन व स्टेशन का काम शुरू होने में कम से कम सात से आठ माह का समय लग जाएगा। इसे लेकर समीक्षा बैठक भी की गई है। अंडरग्राउंड लाइन का काम ट्विन टनल आधारित होगा। इसके लिए बड़ी मशीनरी भोपाल आएगी। मशीनरी को भोपाल के अंदर एंट्री कराने व कार्यस्थल तक पहुंचाने के लिए विशेष सड़क का निर्माण भी होगा। करीब 30 मीटर गहराई में लाइन का काम होगा।

## सीएम से बोले राहगीर

# रैन बसेरे में टीवी व रात के भोजन का इंतजाम हो जाए तो अच्छा होगा

### सीएम ने कलेक्टर व कमिश्नर को दिए रात के खाने का इंतजाम करने के निर्देश

भोपाल. एजेंसी

सीएम डॉ. मोहन यादव शुस्त्र5वार रात को शहर भ्रमण पर निकले। रैन बसेरे का निरीक्षण उनके फोकस में था। वह सबसे पहले यादगारे शाहजहांनी पार्क स्थित रैन बसेरे में पहुंचे। यहां प्रताप मालवीय, हसीब खान, संजू कुशवाहा आदि से मिले। पूछा- कैसे हो, कोई दिक्कत तो नहीं। हसीब खान व संजू कुशवाहा ने कहा- मुख्यमंत्री जी सब तो ठीक है, कोई कमी नहीं है। बस, रात में नींद खुल जाती है तो दोबारा लगती नहीं है, यदि टीवी लग जाए तो अच्छा होगा। रात को खाने का इंतजाम करने के लिए परेशान होना पड़ता है। जिस दिन रुपये कम हो, उस दिन पेट नहीं भरता। यदि रात के खाने की व्यवस्था शासन कर दे तो अच्छी बात होगी। इतना सुनते ही सीएम ने कलेक्टर व कमिश्नर को तलब किया। पूछा कि यहां खाना क्यों नहीं मिलता, दोनों ने जवाब में अपनी-अपनी बातें रखे। जिसे सुनने के बाद सीएम ने संजू व हसीब से कहा कि चिंता मत करो। आप लोगों के लिए राम रोटी का इंतजाम कराना मेरा काम है। सब ठीक हो जाएगा। सीएम को प्रताप मालवीय ने यह भी बताया कि वह हर एक-दो दिन में रैन बसेरा परिवार के साथ रहने आता है। उनकी चार बेटियां हैं, गुजारे की कोई व्यवस्था नहीं है। इस पर सीएम ने कलेक्टर को निर्देश दिए कि प्रताप की हरसंभव मदद होनी चाहिए। सीएम ने सभी को कंबल बांटे। सीएम रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 6 के पास स्थित रैन बसेरा भी पहुंचे। सभी से चर्चा कर उन्हें भी कंबल वितरित किए। रैन बसेरे का निरीक्षण कर लौटते हुए उन्होंने प्लेटफार्म नंबर 6 के सामने ही कुछ महिलाओं से पूछा कि अब तक घर क्यों नहीं गईं, रात कहां बिताओगी, महिलाओं ने बताया कि यहीं पर। जिस पर सीएम ने महिलाओं को कंबल वितरित किए और कलेक्टर से कहा कि इन सभी के



# एसएचआईएम की गतिविधियां बताएगी त्रिमासिक न्यूज लैटर

### सिद्धभाऊजी ने किया एस.एच.आई.एम. संदेश का विमोचन



हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।

एस.एच.आई.एम. सन्देश के माध्यम से संस्थान की गतिविधियों को विधिवत प्रस्तुत करने का यह अभिनव प्रयास सराहनीय है। ये उदगार थे संतजी के शिष्य सिद्ध भाऊजी के। वे कुटिया में संत हिरदाराम इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के पहले न्यू?लैटर का विमोचन कर रहे थे। विमोचन कार्यक्रम में जीव सेवा संस्थान के सचिव महेश दयारमानी, संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर हीरो ज्ञानचंदानी, ग्रुप एडवाइजर पीएस राठौर एवं डायरेक्टर डॉ. आशीष ठाकुर उपस्थित रहे। डॉ. आशीष ठाकुर ने कहा कि एसएचआईएम संदेश एक ऐसा संकलन है, जिसके माध्यम से संत हिरदाराम साहिबजी की विचारधारा को एवं सिद्ध भाऊजी की वीमेन एम्पावरमेंट की अवधारणा को मूर्त रूप दिया गया है। प्रत्येक तिमाही में संस्थान की प्रगति एवं छात्राओं के योगदान को इस न्यू? लेटर में प्रकाशित किया जाएगा। संस्थान की प्रगति यात्रा एवं उपलब्धियों प्रकाशित होंगी। साथ ही क्लब गतिविधियों को एवं गेस्ट के विचारों को भी संकलित किया जाएगा। विमोचन के मौके पर अतिथियों ने सम्पादक डॉ. जितेंद्र कुमार शर्मा एवं प्रो. प्रांशु अग्रवाल के प्रयासों को सराहा।

## विज्ञान मेला: पहले दिन रहा नवाचार पर जोर

# विज्ञान को मातृभाषा में समझाना जरूरी: कोठारी

भोपाल. दोपहर मेट्रो।




विज्ञान और समाज के बीच सेतु निर्माण आवश्यक है और विज्ञान को व्यवहारिक जीवन के साथ सामंजस्य स्थापित कर कैसे आगे बढ़ सकते है इस बात को सभी वैज्ञानिक एवं अकादमिक संस्थानों को समझना चाहिए। यह बात विज्ञान भारती के राष्ट्रीय सह संगठन सचिव प्रवीण रामदास ने 11 वें भोपाल विज्ञान मेला के उद्घाटन सत्र में कही। उन्होंने कहा कि हमे पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम और अन्य महान वैज्ञानिकों के योगदान को हमेशा याद रखते हुए देश हित में विज्ञान से विकास के बारे में कार्य करना चाहिए । इस अवसर पर महानिदेशक,विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, डॉ. अनिल कोठारी ने विज्ञान की बात जन-जन के साथ की महत्ता को रेखांकित करते हुए कहा कि विज्ञान को मातृभाषा में समझाना आवश्यक है। उन्होंने छात्रों को मौलिक कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहते हुए वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने की सलाह दी। डॉ. अमोध गुप्ता, अध्यक्ष, विज्ञान भारती ने स्वदेशी विज्ञान आंदोलन पर प्रकाश डालते हुए स्वदेशी विज्ञान को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

**पहले दिन की गतिविधि:** प्रथम दिवस नवाचार और स्वदेशी विज्ञान के संगम पर आधारित रहा। विद्यालयीन और महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़चढ़कर अपने वैज्ञानिक प्रदर्शों का प्रस्तुतीकरण किया। मेले में 150 से अधिक वैज्ञानिक मॉडल प्रस्तुत किए गए हैं, जो नवाचार और विज्ञान को लोकप्रिय बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। पुरस्कार सत्र में एम्प्री के प्रधान वैज्ञानिक डॉ एन सतीश ने छात्रों के रोचक प्रश्नों के उत्तर दिए। तीसरे सत्र में मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना पर भी एक व्याख्यान हुआ। प्रथम दिवस के समापन सत्र में डॉ. धीरेंद्र कुमार स्वामी, सह सचिव, विज्ञान भारती, मध्य भारत प्रांत ने धन्यवाद ज्ञापन किया और सभी को विज्ञान मेले के उद्देश्यों और उपलब्धियों से अवगत कराया। आज विज्ञान के छात्रों के लिए विद्यार्थी विज्ञान संवाद के अलावा विज्ञान शिक्षक कार्यशाला, अगरिया जनजाति द्वारा लोहा बनाने की भट्टी का प्रदर्शन, बेल मेटल निर्माण का प्रदर्शन भी आयोजित की जा रही है।

**मेट्रो एंकर** जागरूकता एवं सेवा कार्यक्रम हुए गोद लिए मुगालिया हाट में

# छात्राओं ने सरकारी योजनाओं की जानकारी दी

हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।

मुख्यमंत्री जन कल्याण पर्व के चलते संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा गोद ग्राम मुगालिया हाट में जागरूकता और सेवा कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। ग्रामीणों को स्वच्छता, स्वास्थ्य, और सामाजिक कल्याण के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम सरपंच धर्मेंद्र मारन के सुझावों के साथ हुआ। एनएसएस की स्वयं सेविकाओं ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर स्वच्छ भारत अभियान के महत्व को रेखांकित किया। ग्रामीणों को स्वच्छता अपनाने तथा शासकीय अभियानों को सफल बनाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान स्वयंसेविकाओं ने निक्षय योजना, राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम, और आयुष्मान योजना जैसे सरकारी स्वास्थ्य कार्यक्रमों की जानकारी भी दी। संस्था के चेयरमैन सिद्ध भाउजी की ओर से ग्रामीणों को डॉग फूड, गुणकारी मंजन, और धार्मिक पुस्तकें भेंट की गईं। इसके अलावा महाविद्यालय में एकत्रित दान किए गए वस्त्रों को जरूरतमंद ग्रामीणों के बीच वितरित किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ.डालिमा पारवानी ने इस अवसर पर कहा कि स्वच्छ और स्वस्थ भारत का निर्माण तभी संभव है जब प्रत्येक व्यक्ति अपनी जिम्मेदारी समझकर सामाजिक अभियानों में सक्रिय भूमिका निभाए। एनएसएस की पहल विद्यार्थियों को न केवल सामाजिक समस्याओं के प्रति संवेदनशील बनाती है, बल्कि उनके व्यक्तित्व विकास में भी सहायक है।



# ताशकंद में जुटेंगे सिंधी समाज के प्रतिनिधि, फरवरी में सम्मेलन

### 23 फरवरी को रवाना होगा भारत से दल, 24 से 27 फरवरी तक होगा सम्मेलन

हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।

अखिल भारतीय सिंधी समाज नई दिल्ली का 28वाँ राष्ट्रीय सम्मेलन ताशकंद (उज़्बेकिस्तान) में होगा। 24 से से 27 फ़रवरी 2025 तक होने वाले इस सम्मेलन में भारतीय प्रतिनिधि भाग लेंगे। संस्था ने 23 फरवरी 2025 रात्रि 10ः25 बजे दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से ताशकंद के लिए समाज के प्रतिनिधि उ?ान भरेंगे। 23 फरवरी रात से 28 फरवरी सुबह तक कुल 4 दिनों एवं 6 रातों के सम्मेलन में कई रंगारंग कार्यक्रम एवं ताशकंद भ्रमण होगा। कार्यक्रम के आयोजक त्रिलोक दीपानी ने बताया कि जल्दी आओ जल्दी पाओ वाली व्यवस्था रहेगी, जाने के लिए इच्छुक प्रतिनिधियों के पासपोर्ट की वैद्यता में 6 माह होना जरूरी है। अखिल भारतीय सिंधी समाज के राष्ट्रीय महासचिव आनंद सबधाणी ने बताया कि मात्र 59,990 रूपये प्रति व्यक्ति के खर्च में दिल्ली तशकंद दिल्ली रिटर्न टिकट, 4 स्टार होटल उज्जबेकिस्तान में रहना, एण्ट्री वीज़ा, ख़ाना पीना, डिस्क, गाला डिनर, एयरपोर्ट पिकअप एंड ड्राप, गाइड, साइट सीन, लोकल कनवैन्स एवं अन्य सभी एण्ट्री टिकट की व्यवस्था संस्था द्वारा की जायेगी।



**पंजीयन के लिए संपर्क करें:** डेलीगेट रजिस्ट्रेशन हेतु राष्ट्रीय अध्यक्ष त्रिलोक दीपानी मोबाइल नंबर 9425376001 एवं 7000911815, राष्ट्रीय महासचिव आनंद सबधाणी मोबाइल नंबर 9826393891 के अलावा कार्यक्रम संयोजक एवं राष्ट्रीय मुख्य सलाहकार सुरेश जसवानी 9425029911 एवं 8770774115 से संपर्क किया जा सकता है।

# सरकारी दाम पर खरीद 75 फीसदी धान खुले में भीगने का खतरा बढ़ा

## सीएम ने कमिश्नर, कलेक्टर को जल्द उठाव के निर्देश दिए, बोले– परिवहन व्यवस्था की निगरानी भी करो

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** सरकारी दाम पर खरीदी कुल धान में से 75 फीसद खुले हैं। खराब मौसम के बीच इसके भींगने का खतरा बढ़ गया है। सीएम ने इसको लेकर चिंता जताई है और कमिश्नर–कलेक्टरों को परिवहन जल्द कराने के निर्देश दिए है। यह भी कहा है कि नोडल एजेंसी की बजाए परिवहन व्यवस्था की अधिकारी स्वयं के स्तर पर निगरानी करें। सीएम ने खरीदी व परिवहन व्यवस्था को लेकर शुक्रवार शाम को निवास पर अधिकारियों की बैठक बुलाई थी जिसमें अफसरों को जमकर फटकारा।



असल में सीएम को पता चला कि प्रदेश के कुछ संभागों में खरीदी के बाद जमा होने वाली धान के उठाव में देरी हो रही है। यह काम मिलरों को करना था जिसमें आना–कानी हुई है। कुछ केंद्रों के बाहर रखी धान तो भींग चुकी है। आगे भी मौसम के खराब बने रहने की आशंका है। ऐसे में उठाव में तेजी नहीं आई तो मुश्किलें और बढ़ेंगी। सीएम ने कहा कि संभागों में कमिश्नर व जिलों में कलेक्टर निगरानी रखे। किसी भी जिले में देरी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने किसानों को किए जाने वाले भुगतान में भी तेजी लाने के निर्देश दिए।

### वैज्ञानिकों की आशंका– दलहनी फसलों पर बढ़ सकता है कीटों का प्रकोप

मौसम खराब होने के कारण दलहनी फसलों पर विपरित असर पड़ने की आशंका बढ़ गई है तो बारिश की स्थिति में गेहूं जैसी कुछ फसलों को फायदा भी हो सकता है। वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार बादल वाले इस मौसम में हल्की उमस है जो चना, तुअर जैसी दलहनी फसलों में इल्लियों के प्रकोप को बढ़ावा दे सकती है। किसानों को चाहिए कि दलहनी फसलों की शतत निगरानी करें। यदि इल्लियों के प्रकोप की शुरुआत होती है तो कृषि वैज्ञानिकों की सलाह पर दवाओं का छिड़काव करें। हालांकि शुक्रवार रात व शनिवार सुबह प्रदेश के कई हिस्सों में हल्की बारिश हुई है। इसकी वजह से गेहूं जैसी कई फसलों को फायदा भी होगा।

## एक जनवरी से 41 मंडियों में किसान खुद बना सकेंगे ई-पास

**सीएम ने अधिकारियों को दिए व्यवस्था करने के निर्देश**

**भोपाल।** प्रदेश में 1 जनवरी से 41 मंडियों में किसान मोबाइल ऐप के जरिए खुद ई–पास जारी करा सकेंगे। एक अप्रैल से यह व्यवस्था प्रदेश की सभी 259 मंडियों में लागू हो जाएगी। किसानों को कतार में खड़े होने की नौबत नई आएगी। सीएम डॉ. मोहन यादव ने अधिकारियों को इस संबंध में व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि ई-मंडी योजना से किसान मंडियों में अपनी उपज बेचने के लिए स्वयं अपनी पर्ची बना सकते हैं। यह सुविधा मंडी एप पर दी है। ई-मंडी योजना के तहत मंडी प्रांगण में प्रवेश से लेकर नीलामी, तौल तथा भुगतान तक की कार्रवाई कंप्यूटराइज्ड होती है। एक बार प्रवेश पर्ची बन जाने पर किसानों को बार-बार संपूर्ण डाटा देने की आवश्यकता नहीं होती। प्रवेश पर्ची बन जाने से किसान सीधे मंडी प्रांगण के नीलामी स्थलों पर जाकर अपनी कृषि उपज की नीलामी करा सकते हैं। इसी एप के जरिए नीलामी की कार्रवाई प्राप्त की जा सकती है। मंडियों में एप चलाने का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है।

### दलहन, तिलहन व उद्यानिकी फसलों का उत्पादन बढ़ाएगी सरकार



किसानों को दलहन, तिलहन व उद्यानिकी फसलों के उत्पादन के लिए सरकार नए सिरे से प्रोत्साहित करेगी। सीएम डॉ. सीएम ने निवास पर शुक्रवार शाम को बुलाई समीक्षा बैठक में इसके निर्देश दिए। इसके लिए किसानों से अलग–अलग क्षेत्रों में चर्चा की जाएगी। मैदान में आने वाली कठिनाईयों को दूर कराया जाएगा। आर्थिक रूप से मदद पहुंचाने जैसी योजनाओं का विस्तार किया जाएगा।

# रिटायरमेंट के एक माह पहले आईएफएस मिश्रा को मिली वन बल प्रमुख दफ्तर में पदस्थापना

## दो साल से सरकारी मकान भी भोपाल में आवंटित

### 18 आईएफएस बदले, राज्य वन सेवा के 11 अफसरों को नई जिम्मेदारी, कुछ को क्रमोन्नति भी दी

भोपाल. दोपहर मेट्रो।

सरकार ने शुक्रवार शाम को एक अजब तबादला आदेश जारी किया। जिसमें 18 आईएफएस का नाम है। इन्हीं में आईएफएस एचएस मिश्रा का नाम भी शामिल है जिन्हें सिवनी कार्य आयोजना से वन बल प्रमुख कार्यालय में पदस्थ किया है। मिश्रा 31 जनवरी 2025 को रिटायर हो रहे हैं। उन्हें मुश्किल से एक महीने का समय बचा है। ऐसे में उन्हें सिवनी से भोपाल बुलाया गया है। बताया जा रहा है कि मिश्रा भले ही सिवनी में नौकरी करते थे लेकिन उन्हें सरकारी मकान क्रमांक भोपाल में आवंटित है। वहीं आईएफएस रमेशचंद्र विश्वकर्मा को भी रिटायरमेंट से 6 महीने पहले जबलपुर से वन बल प्रमुख कार्यालय में पदस्थ किया है। मिश्रा जनवरी में तो विश्वकर्मा जून 2025 में सेवानिवृत्त हो रहे हैं। जबकि छिंदवाड़ा कार्य आयोजना सीसीएफ जे देवाप्रसाद को पेंच टाइगर रिजर्व का फील्ड डायरेक्टर बना दिया है जबकि राज्य वन सेवा के 11 अफसरों को नई जिम्मेदारी दे दी है। इनमें से कुछ को क्रमोन्नति दे दी है।

| आईएफएस का नाम | वर्तमान पदस्थापना | नवीन पदस्थापना |
|---|---|---|
| – जे देवाप्रसाद | सीसीएफ छिंदवाड़ा कार्य आयोजना | फील्ड डायरेक्टर पेंच |
| – रमेशचंद्र विश्वकर्मा | सीएफ कार्य आयोजना, जबलपुर | सीएफ कार्यालय वन बल प्रमुख |
| – आदर्श श्रीवास्तव | सीएफ कार्य आयोजना, इंदौर | सीएफ शिवपुरी वृत्त |
| – हरिशंकर मिश्रा | सीएफ कार्य आयोजना, सिवनी | सीएफ कार्यालय वन बल प्रमुख |
| – पीएन मिश्रा | सीएफ कार्य आयोजना,नर्मदापुरम | सीएफ इंदौर वन वृत्त |
| – नरेश यादव | सीएफ सामाजिक वानिकी वृत्त ग्वालियर | सीएफ छतरपुर वृत्त |
| – प्रदीप मिश्रा | डीएफओ देवास सामान्य | डीएफओ इंदौर सामान्य |
| – नेहा श्रीवास्तव | डीएफओ दक्षिण बालाघाट उत्पादन | डीएफओ उत्तर बालाघाट सामान्य |
| – सीमा द्विवेदी | डीसीएफ वन विकास निगम, जबलपुर | डीएफओ सामाजिक वानिकी वृत्त, जबलपुर |
| – अमित कुमार चौहान | डीसीएफ वन विकास निगम | डीएफओ देवास सामान्य |
| – बाला सुब्रमणी एन | एसडीओ गाडासरई सामान्य | डीएफओ सामाजिक वानिकी वृत्त खंडवा |
| – वीरेंद्र कुमार पटेल | एसडीओ आमला दक्षिण वन मंडल | डीएफओ देवास उत्पादन |
| – गौरव जैन | एसडीओ जैतपुर दक्षिण शहडोल | डीएफओ सामाजिक वानिकी वृत्त सागर |
| – निधि चौहान | डीसीएफ खंडवा सामान्य | पर्यावरण वानिकी भोपाल |
| – श्रेयस श्रीवास्तव | एसडीओ बैतूल सामान्य उत्तर वन मंडल | डीएफओ उत्पादन सिवनी |
| – डेविट वेंकटराव चनाप | एसडीओ रहली नौरादेही | डीसीएफ वन विकास निगम, भोपाल |
| – नम्रता बिजौरिया | डीसीएफ कुरई सामान्य दक्षिण वन मंडल | डीएफओ खंडवा उत्पादन |
| – अरिहंत कोचर | डीसीएफ अनूपपुर सामान्य वन मंडल | डीएफओ दक्षिण बालाघाट उत्पादन |

## शिक्षक संघ की दो दिवसीय प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक रीवा में होगी

भोपाल. दोपहर मेट्रो।

मप्र शिक्षक संघ की वर्ष में प्रति चैथे माह होने वाली प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक इस बार 28 एवं 29 दिसंबर 2024 को, रीवा में आयोजित होने जा रही है।शिक्षक संघ के प्रदेश महामंत्री राकेश गुप्ता ने बताया कि इस कार्यकारिणी की बैठक की अध्यक्षता, संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ क्षत्रवीर सिंह राठौर के द्वारा की जाएगीस बैठक में संपूर्ण प्रदेश से कार्यकारिणी के लगभग 250 पदाधिकारी सहभागिता करेंगे। बैठक में राष्ट्रीय विषयों को लेकर, अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के संगठन मंत्री, महेंद्र कपूर दिल्ली, मार्गदर्शन हेतु उपस्थित रहेंगे। बैठक में गत जुलाई में मंदसौर में हुई कार्यकारिणी की बैठक का पालन प्रतिवेदन का वाचन किया जाएगा तथा और किए गए कार्यों का अनुमोदन भी होगा।

## पशुधन की गणना के लिए पशुओं की सही जानकारी अवश्य दें : मंत्री पटेल

**भोपाल.** भारत सरकार के निर्देशानुसार में पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा 21वीं पशु संगणना-2024 का कार्य सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में 25 अक्टूबर 2024 से प्रारंभ हो चुका है। पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री, (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल ने प्रदेश के सभी पशुपालकों से अपील की है कि जब पशुपालन विभाग से कर्मचारी उनके पशुधन की गिनती के लिए आएं, तो उन्हें अपने पशुओं की सही जानकारी अवश्य् दें। कोई घर-कोई पशुधन गणना से न छूटे। इस भावना से कार्य करें कि मेरे पशु मेरी जिम्मेदारी है। यह राष्ट्रीय महत्व का कार्य है, इसमें सभी अपना पूरा सहयोग दें। मंत्री पटेल ने बताया कि प्रदेश के 55 जिलों के कुल 55 हजार 902 ग्रामों व 7 हजार 846 शहरी वार्डों में पशुओं की गणना की जाएगी। प्रदेश में आज तक कुल 7077 ग्राम/शहरी वार्डों में सर्वे कार्य प्रारंभ हो चुका है, शेष ग्रामों /शहरी वार्डों में सर्वे कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा। प्रदेश में पशु संगणना में 5558 प्रगणक एवं 970 सुपरवाईजर कार्य कर रहे हैं।







भोपाल, दोपहर मेट्रो। भाजपा के आधार स्तंभ व कुशल संगठनकर्ता स्व. कुशाभाऊ ठाकरे की पुण्यतिथि पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने शनिवार को कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया।

## स्कूली विद्यार्थियों की होगी कैरियर काउंसलिंग

### शालाओं और छात्रावासों में हो रहा शिविरों का आयोजन

भोपाल. दोपहर मेट्रो।

जनकल्याण पर्व पर स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा विद्यार्थियों को कैरियर काउंसलिंग दी जा रही है। राज्य में 26 दिसम्बर तक चलने वाले इस अभियान में एक लाख विद्यार्थियों की कैरियर काउंसलिंग की जायेगी। इस अभियान में 100 कैरियर काउंसलर और 150 मास्टर ट्रैनर विद्यार्थियों को प?ाई के बाद कैरियर के चयन संबंधी परामर्श दे रहे हैं। कैरियर काउंसिल शिविर पीएमश्री स्कूल, शासकीय हाई और हायर सेकेण्डरी स्कूल और छात्रावासों में आयोजित हो रहे हैं। कैरियर काउंसिल शिविर विद्यार्थियों को कौशल आधारित रोजगार, उच्च शिक्षा के विकल्प, विदेश में प?ाई और प्रतियोगी परिक्षाओं की तैयारियों के संबंध में विशेष रूप से परामर्श दिया जा रहा है। विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी समस्याओं का समाधान भी किया जा रहा है।

## संपादकीय

### रोजगार के मोर्चे का सच

देश में रोजगार की समस्या पहले से ही गहराई हुई है और स्थाई रोजगार स्थाई रोजगार बड़ी समस्या बना हुआ है। ऐसे में राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने असंगठित क्षेत्र के उपक्रमों का वार्षिक सर्वेक्षण हाल में जारी किया तो इसमें सामने आया है कि अक्टूबर 2023 से सितंबर 2024 के बीच ऐसे छोटे असंगठित उपक्रमों की तादाद में इससे पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 13 फीसदी का इजाफा हुआ है। ऐसे रोजगार से मिलने वाली नौकरियां भी बढ़ी हैं लेकिन इसकी दर काफी कम रही है। इसे एक अच्छे संकेत के रूप में पेश किया जा सकता है क्योंकि नौकरियों में कोई भी इजाफा स्वागतयोग्य है। परंतु इस सर्वेक्षण को समेकित स्तर पर देखें तो इसे पूरी अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा संकेतक मानना मुश्किल है। खासतौर पर प्रतिष्ठानों और नौकरियों में जो इजाफा हुआ उसका अधिकांश हिस्सा 'ओन अकाउंट एंटरप्राइजेज' (ओएई) में हुआ जहां अनिवार्य रूप से एक व्यक्ति काम करता है या जो पारिवारिक दुकान होती है जहां बाहरी किसी व्यक्ति को काम पर नहीं रखा जाता है इस आंकड़े से कई सवाल पैदा होते हैं। पहला, इस बात में संदेह है कि यह अर्थव्यवस्था की वास्तविक वृद्धि दर्शाता है या नहीं। छोटे कारोबारों में से कई असंगठित बने हुए हैं। ये न केवल कर और नियामकीय प्राधिकारियों की नजर से ओझल हैं बल्कि वे बड़े पैमाने पर होने वाले ऐसे सर्वेक्षणों में भी सामने नहीं आ पाते। गत एक दशक में अर्थव्यवस्था निरंतर संगठित हुई है। इसमें वित्तीयकरण के साथ-साथ वस्तु एवं सेवा कर तथा अन्य ढांचागत बदलावों की अहम भूमिका रही है। ऐसे में यह संभव है कि जो वृद्धि नजर आ रही है वह केवल सांख्यिकीय गणना भर हो और इसे संगठित होने को दर्शा रही हो। ऐसी सांख्यिकीय संरचनाएं पहले भी देखी गई हैं। उदाहरण के लिए कर्मचारियों के लिए बनी सरकार की अल्प बचत योजनाओं में निवेश करने वालों की संख्या में हाल के दिनों में इजाफा हुआ है। यह रोजगार में वास्तविक इजाफा दर्शाता है या केवल मौजूदा रोजगार संगठित हुए हैं, यह बहस का विषय है।एक अन्य प्रश्न यह है कि यदि इस तरह के रोजगार बढ़े भी हैं तो इसे स्वस्थ अर्थव्यवस्था का संकेत माना जाए या अस्वस्थ? जैसा कि विशेषज्ञ कहते है कि, रोजगार पर केंद्रित सर्वेक्षणों ने दिखाया है कि हाल के समय में शहरी रोजगार कम हुए हैं। काफी लंबे समय के बाद इसे देखने को मिला है। जबकि इस बीच कृषि क्षेत्र में रोजगार बढ़े हैं। इससे संकेत मिलता है कि एक विकासशील अर्थव्यवस्था में रोजगार निर्माण और वृद्धि के इंजन को जिस तरह काम करना चाहिए, शायद भारत में वैसा नहीं हो रहा है।दूसरे शब्दों में कहें तो लोगों को कृषि से बाहर कहीं अधिक उत्पादक क्षेत्रों में काम करना चाहिए। अगर ऐसा है तो इन ओएई की संख्या को अर्थव्यवस्था में सुधार या वृद्धि का परिचायक नहीं माना जाना चाहिए बल्कि यह तो ऐसी खराब स्थिति का परिचायक है जहां लोग अपनी दुकानें खोलने को विवश हैं। यह काफी लंबे समय से देश के जीडीपी में असंगठित क्षेत्र की सेवाओं के दबदबे की परिभाषा रही है कि ऐसे छोटे, सेवा आधारित प्रतिष्ठान उन लोगों को नौकरियां देते हैं जो नियमित रोजगार नहीं हासिल कर पाते लेकिन जिनके लिए कृषि में भी कोई जगह नहीं होती है। यानि यह मजबूत संकेत निकलता है कि सरकार को मझोले और बड़े प्रतिष्ठानों की वृद्धि सुनिश्चित करने की जरूरत है और इस काम को प्राथमिकता पर किया जाना चाहिए। अच्छे और स्थिर रोजगार तभी हासिल हो सकते हैं जबकि ऐसे उपक्रमों का सामान्यीकरण किया जा सके। गैर निगमित क्षेत्र के प्रतिष्ठानों को सही ढंग से बढ़ावा देने की आवश्यकता है। उन्हें नीतिगत सहजता के रूप में भी प्रोत्साहित किया जाना चाहिए और प्रशासनिक माहौल को भी अनुकूल बनाया जाना चाहिए। ताकि वे अधिक से अधिक कर्मचारियों को नियमित रूप से काम पर रख सकें। ताकि स्थाई रोजगार का सवाल अपना जवाब पा सके।

# मुफ्त की चुनावी घोषणाएं बिगाड़ रहीं हैं आर्थिक सेहत

■ योगेन्द्र योगी

दिल्ली चुनाव को अभी एक महीने से ज्यादा का समय बाकी है। उससे पहले दिल्ली की आम आदमी पार्टी ने महिला सम्मान योजना को मंजूरी दे दी। इस योजना के तहत महिलाओं के खाते में हर महीने 1000 रुपये आएंगे। आप के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि चुनाव के बाद इसको बदलकर 2100 रुपए करेंगे। चुनाव जीतने के लिए मुफ्त की रेवड़ी बांटने वाली आप अकेली पार्टी नहीं है। जब भी चुनाव नजदीक आते हैं, राजनीतिक दलों में खैरात बांटने की होड़ लग जाती है। इसका एकमात्र मकसद चुनाव जीतना है। इसके नुकसान-फायदों की राजनीतिक दलों का परवाह नहीं है। यह अलग बात है कि चाकू खरबूजे पर गिरे या खरबूजा चाकू पर, कटना तो खरबूजे को ही है। मसलन फ्री का माल लेने वाले को भी आखिरकार इसकी कीमत चुकानी पड़ती है। किसी न किसी रूप में टैक्स का बोझ उन पर भी पड़ता है। फ्री की योजनाओं का फायदा उठाने वाले भी इससे बढ़ने वाली महंगाई की मार से बच नहीं सकते। इससे पहले राजस्थान में विधानसभा चुनाव के दौरान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने वोटरों को फ्री में स्मार्टफोन और तीन साल के लिए फ्री इंटरनेट का वायदा किया था। गहलोत ने राज्य के हर परिवार को हर महीने 100 यूनिट तक फ्री बिजली देने का ऐलान किया था। मध्य प्रदेश में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कांग्रेस की सरकार बनने पर हर परिवार को 100 यूनिट तक फ्री बिजली देने का वादा किया। तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लाडली बहना योजना के तहत सवा करोड़ गरीब महिलाओं के खाते में एक हजार रुपये जमा कराए। कांग्रेस ने वादा किया था कि उसकी सरकार आई तो हजार नहीं बल्कि 1,500 रुपये दिए जाएंगे। शिवराज ने युवाओं को लुभाने के लिए 12वीं कक्षा के कुल 9000 टॉपर्स को एक-एक स्कूटी देने का भी ऐलान किया था। चुनावी रेवड़ी बांटना का कल्चर शुरु से ही विवादों से घिरा रहा है। सुप्रीम कोर्ट, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया, आर्थिक विशेषज्ञ, चुनाव आयोग और मौजूदा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तक इस पर चिंता जता चुके हैं। कोई भी राजनीतिक दल व्यापक देशहित से जुड़े ऐसे मुद्दों का समाधान तलाशना तो दूर बल्कि चर्चा तक करना नहीं चाहता। सुप्रीम कोर्ट ने मुफ्त राशन और अन्य मुफ्त योजनाओं पर गंभीर सवाल उठाए हैं।




कोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा कि आखिर लोगों को फ्री की रेवड़ी कब तक बांटी जाएगी। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस मनमोहन की बेंच ने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान मुफ्त राशन देना समय की जरूरत थी, लेकिन अब रोजगार और आत्मनिर्भरता पर ध्यान केंद्रित करने का समय आ गया है। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने कोर्ट को बताया कि देश के 81 करोड़ लोगों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत मुफ्त या सब्सिडी वाला राशन दिया जा रहा है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने हैरानी जताई और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता व अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी से कहा, तो मतलब सिर्फ टैक्सपेयर्स ही ऐसे लोग हैं जिन्हें मुफ्त राशन नहीं मिल रहा है। यह स्थिति गंभीर विचार का विषय है। वर्ष 2022 में श्रीलंका का आर्थिक संकट सामने आया तो इसने दुनियाभर की सरकारों को चेता दिया। सर्वदलीय बैठक में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा था कि श्रीलंका से सबक लेते हुए हमें मुफ्त के कल्चर से बचना चाहिए। जयशंकर ने कहा कि श्रीलंका जैसी स्थिति भारत में नहीं हो सकती, लेकिन वहां से आने वाला सबक बहुत मजबूत है। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी एक रैली में रेवड़ी कल्चर पर सवाल उठाए थे। पीएम मोदी ने कहा था कि आजकल हमारे देश में मुफ्त की रेवड़ी बांटकर वोट बटोरने का कल्चर लाने की भरसक कोशिश हो रही है। ये रेवड़ी कल्चर देश के विकास के लिए बहुत घातक है। रेवड़ी कल्चर वालों को लगता है कि जनता जनार्दन को मुफ्त की रेवड़ी बांटकर उन्हें खरीद लेंगे। मोदी ने कहा था कि हमें मिलकर रेवड़ी कल्चर को देश की राजनीति से हटाना है।

भारत में ऐसी लुभावनी पर आर्थिक तौर पर घातक चुनावी वायदों की शुरुआत तमिलनाडु से मानी जाती है। वर्ष 2006 में तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव में डीएमके ने सरकार बनने पर सभी परिवारों को फ्री कलर टीवी देने का वादा किया। डीएमके के इस चुनावी वादे को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई। हालांकि, डीएमके जीत गई। वादा पूरा करने के लिए 750 करोड़ रुपये का बजट लगाया गया। मामला सुप्रीम कोर्ट में चल ही रहा था कि 2011 के विधानसभा चुनाव में विपक्षी अन्नाद्रमुक ने टीवी के जवाब में मिक्सर ग्राइंडर, इलेक्ट्रिक फैन, लैपटॉप, कम्प्यूटर, सोने की थाली आदि बांटने का वादा कर दिया। शादी होने पर महिलाओं को 50 हजार रुपये और राशन कार्ड धारकों को 20 किलो चावल देने का वादा भी किया।

नतीजे आए तो अन्नाद्रमुक की सरकार बन गई। 2006 के चुनावी वादे पर जुलाई 2013 में सुप्रीम कोर्ट ने फैसला दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि फ्रीबीज सभी लोगों को प्रभावित करती है, जो स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की जड़ को काफी हद तक हिला देती हैं। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को भी आदेश दिया कि वो सभी राजनीतिक पार्टियों से सलाह-मशविरा कर एक आचार संहिता बनाए। इसके बाद 2015 में चुनाव आयोग ने राजनीतिक पार्टियों और उम्मीदवारों के लिए आचार संहिता जारी भी की, लेकिन उसके बावजूद चुनावों में फ्रीबीज का ऐलान होता ही रहा है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने कहा था, ऐसी योजनाएं जिनसे क्रेडिट कल्चर कमजोर हो, सब्सिडी की वजह से कीमतें बिगड़ें, प्राइवेट इन्वेस्टमेंट में गिरावट आए और लेबर फोर्स भागीदारी कम हो तो वो फ्रीबीज होती हैं। वर्ष 2022 पिछले साल आरबीआई की भी एक रिपोर्ट आई थी। इसमें कहा गया था कि राज्य सरकारें मुफ्त की योजनाओं पर जमकर खर्च कर रही हैं, जिससे वो कर्ज के जाल में फंसती जा रही हैं। स्टेट फाइनेंसेस: अ रिस्क एनालिसिस नाम से आई आरबीआई की इस रिपोर्ट में उन पांच राज्यों के नाम दिए गए हैं, जिनकी स्थिति बिगड़ रही है। इनमें पंजाब, राजस्थान, बिहार, केरल और पश्चिम बंगाल शामिल थे। चुनावी वादों के कारण बढ़ रही मुद्रास्फीती और महंगाई की मार आम लोगों पर पड़ रही है। बेरोजगारी बढ़ रही है। राजनीतिक दलों का इससे सरोकार नहीं है। सत्ता में आने के बाद सरकारें फ्री देने के वादे पूरा करने के लिए टैक्स का बोझ बढ़ाती जा रही हैं। होना तो यह चाहिए कि कोई राजनीतिक दल जब ऐसी मुफ्त की चुनावी घोषणाओं का ऐलान करें तो साथ ही यह भी बताए कि इसके लिए धन का इंतजाम कैसे किया जाएगा। मसलन इसके एवज में करदाताओं पर कितना बोझ पड़ेगा। जब तक हिसाब-किताब पारदर्शी नहीं होगा तब तक ऐसी योजनाओं देश पर बोझ साबित होती रहेंगी।

(साभार: यह लेखक के निजी विचार हैं)

# बांग्लादेश-पाक के नापाक गठजोड़ के खतरे

■ हरीश मलिक

यह वाकई अजब मंजर है। जिस भारत ने विश्वपटल पर बांग्लादेश के उदय के लिए अपने 1600 सैनिकों की कुर्बानी दी। जिस भारत ने अरबों रुपये खर्च कर इस देश को चलने के काबिल बनाया। उसी बांग्लादेश के उदय के उपलक्ष्य में मनाए गए विजय दिवस पर इस बार फिजाएं भारत विरोधी नारों से गुंजायमान थीं। इसी बांग्लादेश ने भारतीय सैनिकों की याद में सात साल से बनाए जा रहे वॉर मेमोरियल का काम भी रोक दिया है। बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं के साथ निर्मम हिंसा, उनके पूजास्थलों के साथ तोड़फोड़ और तिरंगे के अपमान की खबरें तो पहले ही लगातार आ रही हैं। बांग्लादेश की राजधानी ढाका से चिंतित करने वाली खबर ये भी है कि 53 साल पहले करारी हार के बाद बांग्लादेश (तब के पूर्वी पाकिस्तान) से रुखसत होने वाली पाकिस्तानी आर्मी की फिर बांग्लादेश में एंट्री होने जा रही है। पाक आर्मी के मेजर जनरल रैंक के अफसर के नेतृत्व में एक स्पेशल टीम बांग्लादेश की आर्मी को ट्रेनिंग देने के लिए यहां आएगी। शेख हसीना का तख्तापलट होने के बाद आज बांग्लादेश इतिहास के एक ऐसे दोराहे पर खड़ा है, जहां उसके सामने अपने ही अस्तित्व को लेकर गंभीर संकट पैदा हो सकता है।



बांग्लादेश में भारत विरोध का जुनून इस कदर छाया है कि इस प्रक्रिया में कार्यवाहक सरकार के समर्थक अल्पसंख्यकों को निशाना बना रहे हैं। वहां हिंदुओं के उपासना स्थलों के साथ तोड़फोड़ के वीडियो वायरल हो रहे हैं। हिंदुओं से जान बचाने के लिए अपनी पहचान छिपाने तक के लिए कहा जा रहा है। इतिहास गवाह है कि ऐसे समय में, कोई एक व्यक्ति उम्मीद की लौ जगाता है। आशा की किरण और प्रतिकार का प्रतीक बन जाता है। दक्षिण अफ्रीका में नेल्सन मंडेला, म्यांमार में आंग सान सू की, भारत में भगत सिंह और बोस, पोलैंड में लेक वालेसा, तिब्बत में दलाई लामा और खुद बांग्लादेश के स्वतंत्र होने पर शेख मुजीबुर रहमान- इसके जीवंत उदाहरण हैं। तो क्या अब इस्कॉन के चिन्मय कृष्ण दास अनजाने में ही बांग्लादेश में हिंदू-उत्पीड़न के प्रतिरोध का प्रतीक बन गए हैं? चिन्मय कृष्ण दास अपने साथियों की हत्या और मंदिरों को जलाने के बाद, बांग्लादेश में हिंदू प्रतिरोध का चेहरा और बांग्लादेश सनातन जागरण मंच के प्रवक्ता बने हैं। बांग्लादेश की इस्कॉन इकाई ने दावा किया कि इस्कॉन पर अनुचित तरीके से काम करने का गलत आरोप लगाया गया है। इस्कॉन पूरी तरह से आध्यात्मिक, अहिंसक, गैर-राजनीतिक, गैर-पक्षपाती और गैर-सांप्रदायिक संगठन है, जिसकी 50 से अधिक वर्षों की बेदाग विरासत है।

बांग्लादेश की केयरटेकर सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस और उनके समर्थक बांग्लादेश की विरासत को खत्म करने में व्यस्त हैं। हालात यह है कि वह बांग्लादेश के संस्थापक और राष्ट्रपिता शेख मुजीबुर्रहमान का सम्मान तो छोड़िए, जानबूझकर उनके अपमान पर उतारू है। वहां पर उनकी मूर्तियां तोड़ी जा रही हैं। मोहम्मद यूनुस ने राष्ट्रपति भवन से मुजीबुर्रहमान की तस्वीरें हटवा दी हैं। उनके नाम से जुड़ी छुट्टियां तक रद्द कर दी गई हैं। यहां तक कि मुजीबुर्रहमान की फोटो हटाने के लिए बांग्लादेशी करेंसी टका को बदलने के आदेश दिए गए हैं। अगले 6 महीनों में नए नोट मार्केट में आ जाएंगे। इन नोटों पर धार्मिक स्थल और बंगाली परम्परा के चिन्ह बने होंगे। काबिलेगौर है कि शेख मुजीबुर्रहमान बांग्लादेश के संस्थापक होने के साथ ही शेख हसीना के पिता हैं।

बांग्लादेश की सड़कों पर इस वक्त इस्लामिक कट्टरपंथियों का बोलबाला है। शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग तस्वीर से बाहर है। दो अन्य पार्टियां ढाका की सत्ता पर नजर गड़ाए हैं- खालिदा जिया की बीएनपी और जमात-ए-इस्लामी। चीन जमातियों और बीएनपी की मेजबानी कर रहा है। जमात का इतिहास दागदार रहा है। यह एक कट्टरपंथी और भारत विरोधी संगठन रहा है।

बांग्लादेश ने भारत के चिर-विरोधी पाकिस्तान के साथ रिश्ते सुधारने में जरा भी देर नहीं की है। इसके लिए वीजा सिक्योरिटी क्लियरेंस को खत्म कर दिया है। 2019 में शेख हसीना की सरकार ने पाकिस्तानी नागरिकों के लिए नॉन ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट लेना अनिवार्य किया था। अब यह प्रोसेस खत्म कर दिया गया है। यहां तक कि बांग्लादेश में 50 सालों में पहली बार जिन्ना की 76वीं सालगिरह भी मनाई गई। इस जश्न में पाकिस्तान के डिप्टी हाई कमिश्नर और यूनुस सरकार के कई लोग शामिल हुए। इसमें जिन्ना को बांग्लादेश का 'राष्ट्रपिता' घोषित करने तक की मांग की गई। इस कार्यवाहक सरकार ने पाकिस्तान से गोला-बारूद भी खरीदा है।

इस गोला-बारूद का इस्तेमाल आर्टिलरी गन में किया जाता है, जो 30 से 35 किलोमीटर की रेंज तक हमला कर सकती है। बांग्लादेश तीन तरफ से भारत से घिरा है और चौथी तरफ बंगाल की खाड़ी है। यानी अगर इसके इस्तेमाल की नौबत आती है, तो भारत के खिलाफ हो सकता है।

ऐसे में भारत की सीमा सुरक्षा बल ने भी अपनी निगरानी बढ़ा दी है। भारत अपनी सबसे लंबी करीब चार हजार किलोमीटर की सरहद बांग्लादेश के साथ साझा करता है। यह सीमा पहाड़ों, उफनती नदियों और घने जंगलों से होकर गुजरती है। भारत का विदेश मंत्रालय बांग्लादेश के हथियार खरीद, पाकिस्तान से दोस्ती और हिंदुओं पर अत्याचार आदि पर नजरें बनाए हुए है। इसीलिए ढाका जाकर विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने अपने समकक्ष मोहम्मद जशीमुद्दीन को स्पष्ट और सख्त शब्दों में कहा है कि सबसे पहले बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों की रक्षा, मंदिरों और दूसरे धार्मिक स्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित होनी चाहिए। हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने भी यूनुस से फोन पर बात की है। इसमें बांग्लादेश में मानवाधिकारों की बिगड़ती स्थिति व लोकतंत्र पर चिंता जताई गयी। उन्होंने कहा कि हिंदुओं पर हमलों को लेकर बांग्लादेश को ठोस कदम उठाने चाहिए।

अगले साल फरवरी से बांग्लादेशी आर्मी ट्रेनिंग की शुरुआत होगी। पहले चरण की ट्रेनिंग बांग्लादेश के मेमनशाही कैंट में आर्मी ट्रेनिंग एंड डॉक्ट्रिन कमांड (एटीडीसी) मुख्यालय में होगी। एक साल तक चलने वाले पहले चरण के बाद बांग्लादेशी आर्मी की सभी 10 कमांड में भी पाकिस्तान की आर्मी ट्रेनिंग देगी। बड़ा सवाल यह है कि भारत के लिए पाकिस्तान-बांग्लादेश गठजोड़ खतरा क्यों है? दरअसल, पाकिस्तान-बांग्लादेश गठजोड़ से सिलीगुड़ी में 80 किमी चौड़े भारत के चिकन नेक कॉरिडोर पर खतरा बढ़ सकता है। ये भारत को समूचे पूर्वोत्तर से जोड़ता है। बांग्लादेश में पाक की एंट्री के बाद पूर्वोत्तर के कट्टरपंथी ग्रुप के और हावी होने की आशंका है।

दरअसल, बांग्लादेश की सामरिक लोकेशन काफी अहम है। चिकन नेक कॉरिडोर के पास भूटान का डोकलाम भी है। इस पर चीन कब्जा चाहता है। बांग्लादेश में यूनुस सरकार और अब पाक सेना की एंट्री के बाद चीन के लिए बने अनुकूल हालात भारत के लिए चिंता का सबब बन सकते हैं। पाकिस्तान से हाथ मिलाने पर मोहम्मद यूनुस पर तंज कसते हुए मशहूर लेखिका तस्लीमा नसरीन ने भी कहा कि जिस पाकिस्तान ने लाखों लोगों की हत्या की और करीब दो लाख महिलाओं के साथ बलात्कार किया, उसे अब दोस्त क्यों बनाया जा रहा है? जिस पाकिस्तान ने अभी तक 1971 के अत्याचारों के लिए बांग्लादेश से माफी नहीं मांगी है, वह बांग्लादेश का मित्र राष्ट्र कैसे हो सकता है? भारत के साथ बांग्लादेश की यह 'कारगुजारी' माफी लायक कतई नहीं है!

(साभार: यह लेखक के निजी विचार हैं)

> जीवन एक पुष्प है और प्रेम उसका मधु।
> -विक्टर ह्यूगो

## आज का इतिहास

- 2013 - आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में कांग्रेस के समर्थन से सरकार बनायी।
- 2007 - रूस ने ईरान के बुशेहर विद्युत संयंत्र के लिए परमाणु ईंधन की दूसरी खेप खेप भेजी।
- 2003 - इस्राय़ल ने कज़ाकिस्तान के बैकानूर अंतरिक्ष स्टेशन से दूसरा वाणिज्य उपग्रह छोड़ा।
- अमेरिका में ब्रिटेन के कुछ विमानों में स्काई मार्शल यानी सुरक्षा गार्ड तैनात करने का फ़ैसला लिया।
- 2002 - मशहूर फ़ैशन फ़ोटोग्राफ़र हर्ब रिट्स का लास एंजेल्स में निधन।
- 2000 - भारतीय डाक विभाग द्वारा वीरता पुरस्कार विजेताओं के सम्मान में पांच डाक टिकटों के सेट में 3 रुपये का एक सचित्र डाक टिकट जारी किया गया।
- 1995 - पोलैंड के अन्वेषक मारेक कार्मिंस्की एक ही वर्ष में उत्तरी एवं दक्षिणी ध्रुवों पर झंडा फहराने वाले पहले व्यक्ति बने, विश्व सिनेमा का दूसरी सदी में प्रवेश।
- 1984 - राजीव गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस को लोकसभा चुनाव में जीत मिली।
- 1976 - अमेरिका ने नेवादा में परमाणु परीक्षण किया।
- 1974 - पाक में 6.3 तीव्रता के भूकंप में 5200 मरे।
- 1966 - चीन ने लोप नोर में परमाणु परीक्षण किया।
- 1957 - सोवियत संघ ने परमाणु परीक्षण किया।
- 1950 - द पीक डिस्ट्रिक्ट ब्रिटेन का पहला राष्ट्रीय पार्क बना।
- 1942 - रॉबर्ट सुलिवन पहले पायलट बने, जिन्होंने अटलांटिक महासागर के ऊपर एक सौ बार उड़ानें भरी।
- 1928- कोलकाता में पहली बार बोलती फ़िल्म मेलोडी ऑफ लव प्रदर्शित हुई।
- 1926- ईंपिरियल एयरवेज ने भारत और इंग्लैंड के बीच यात्री और डाक सेवा शुरू की।
- 1908 - इटली के मेसिना में भूकंप, 80 लोगों की मौत।

## निशाना

### आने लगे बयान !



-कृष्णेन्द्र राय

बांट रहे वो पैसा।
आने लगे बयान।।
जब आता चुनाव है।
चर्चा में सम्मान।।
होने लगती मांग।
करके जांच दिखाओ।।
हम हैं इमानदार।
पास ना अपने आओ।।
क्या सही क्या गलत।
पता नहीं चल पाता।।
हर चुनावी मौसम।
अपना रंग दिखाता।।
फेंकते सब पासा।
खेलने को खेल।।
पर जनता के हाथ में।
हो किस पर नकेल।।

## रुक्मणि विवाह सम्पन्न : पूजन के साथ होगा कथा का समापन



इटारसी। शुक्रवार को सूरजगंज सरला स्मृति भवन में चल रही संगीतमय भागवत कथा में श्री कृष्ण भगवान का रुक्मणि के साथ विवाह हुआ, बनखेड़ी के प्रसिद्ध पंडित मोहन बाबू शास्त्री ने शुक्रवार को भक्तो को गिरिराज पूजा, शिशुपाल वध, अर्धनारीश्वर कथा व रुक्मणी विवाह के प्रसंग से भाव विभोर कर दिया, कथा आयोजक द्वारा सूरजगंज चौक से भव्य बारात निकाली गई जो भृमण करते हुए कथा स्थल पहुंची। कथा पंडाल में भक्तो ने भी जमकर नृत्य किया व प्रसादी का वितरण किया गया। शनिवार को कथा के सातवे दिन अंतिम दिन की कथा, हवन, पूजन के साथ प्रसादी बाटी जाएगी। कथा में सहयोगी पंडित राम गोपाल,मंजू व्यास, सुनील व्यास, राजेश स्रोती, रितेश व्यास, रवि भार्गव सेवा दे रहे है, कथा आयोजक अंबिका प्रसाद मेहतो ने बताया की कथा का आयोजन उनकी पत्नी स्व स्नेहलता मेहतो कि स्मृति में की जा रही है।

## नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जन जागरूकता अभियान



नर्मदापुरम। पुलिस अधीक्षक डॉ. गुरकरन सिंह के निर्देशन में साइबर सेल पुलिस द्वारा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में साइबर अपराधों के रोकथाम एवं उनके दुष्परिणामों के बारे में जागरूक करने हेतु नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन ग्राम रायपुर, मीनाक्षी चौराहा, सतरस्ता एवं सेठानी घाट पर किया गया।

### जमीन आवंटन की प्रक्रिया शुरु, पर्यटन विभाग ने दावे आपत्तियां बुलाए

# टाइगर रिजर्व के हरदुआ गांव में बनेगा वाइल्ड लाइफ रिजॉर्ट, प्रशासन ने चिन्हित किए दो खसरा

■ टाइगर रिजर्व में अब ओर बढ़ेगा बाघों का कुनबा केन बेतवा परियोजना से पन्ना के बाघों का दूसरा आशियाना होगा वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर







विशाल रजक तेंदूखेड़ा, दोपहर मेट्रो

जैव विविधता के लिए प्रदेश के अन्य टाइगर रिजर्वो से अलग पहचान बनाने वाले वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर (नौरादेही) में हर साल वन्य जीवों का कुनबा बढ़ रहा है वन्यजीवों की गणना के आंकड़ों के आधार पर पिछले 7 वर्षों में टाइगर रिजर्व में स्वछंद विचरण करने वाले स्तनपायी बाघ और लंगूरों के अलावा दुर्लभ हो चले गिद्धों की संख्या दोगुने से अधिक हुई है वही अनुकूल परिस्थितियों और संरक्षित आवास के चलते मगरमच्छों के कुनबे में भी खासा इजाफा हुआ है यही स्थिति रिजर्व में अन्य प्रजाति के वन्य जीवों की है

वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए अब मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग भी आगे आ गया है पर्यटन विभाग ने प्रशासन से टाइगर रिजर्व की सीमा से लगे हरदुआ गांव में वाइल्ड लाइफ रिजॉर्ट तैयार करने के लिए जमीन की मांग की है। पर्यटन विभाग के प्रस्ताव पर मंथन के बाद प्रशासन ने यहां जमीन चिन्हित करते हुए जमीन आवंटन की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है यहां टाइगर रिजर्व प्रबंधन भी अपने स्तर पर पर्यटकों को सुविधाएं मुहैया कराने प्रयासरत है जानकारी के अनुसार पर्यटन विभाग हरदुआ में मिलने वाली जमीन पर रिजॉर्ट के साथ अन्य पर्यटन संबंधी गतिविधियां संचालित करेगा। यह गांव टाइगर रिजर्व से गुजरने वाले रहली-जबलपुर मुख्य मार्ग पर है, जिसकी रहली से दूरी लगभग 16 किलोमीटर बताई जा रही है

### पर्यटन को गति मिलेगी

नौरादेही अभयारण्य बाघों की बढ़ती संख्या के बाद करीब डेढ़ साल पहले टाइगर रिजर्व बन चुका है। वन अमले ने करीब 3 साल पहले यहां पर सफारी भी शुरू करा दी थी, लेकिन यहां आने वाले पर्यटकों को सबसे बड़ी समस्या रुकने और खान-पान की थी। क्षेत्र में रिजॉर्ट तैयार होने के बाद यह दावा किया जा रहा है कि इससे टाइगर रिजर्व में पर्यटन को गति मिलेगी, ठहरने के साथ खाने-पीने की बेहतर व्यवस्था होने से स्थानीय के साथ बाहरी पर्यटकों की संख्या में भी इजाफा होगा



### 11 एकड़ जमीन देंगे

पर्यटन विभाग भोपाल ने पर्यटन संबंधी गतिविधियों के संचालन और वाइल्ड लाइफ रिजॉर्ट के लिए रहली-जबलपुर मार्ग पर स्थित हरदुआ गांव में प्रशासन से जमीन की मांग की थी, जिसके लिए प्रशासन ने 2 खसरा नंबर की करीब 11 एकड़ जमीन आवंटन के लिए चिन्हित की है। यह जमीन पर्यटन विभाग को स्थाई पट्टे के रूप में आवंटित की जाएगी

### पन्ना के बाघों का दूसरा आशियाना होगा रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व

वहीं दूसरी ओर रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व वन्यजीवों के लिए प्राकृतिक पर्यावास विचरण सुरक्षा की दृष्टि से रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व अन्य किसी भी रिजर्व से बेहतर है अनुकूल परिस्थितियां वन्यजीवों को अपना कुनबा बढ़ावा के अवसर देती है और संघर्ष की स्थिति भी यहां कम है अभी यहां 22से23 बाघ है लेकिन 25 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा केन और बेतवा लिंक परियोजना के शिलान्यास करने के बाद टाइगर रिजर्व में बाघों का और कुनबा बढ़ेगा केन बेतवा परियोजना से पन्ना टाइगर रिजर्व से बाघों का व विस्थापन तय है बाघों की इतनी बढ़ी संख्या को अन्य टाइगर रिजर्व में शिफ्ट करना संभव नहीं होगा क्योंकि वहां पहले से पर्याप्त बाघ है सागर और पन्ना की भौगोलिक स्थितियों और लैंडस्केप एक जैसे हैं ऐसी स्थिति में रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व ही सबसे नजदीक और व्यापक क्षेत्रफल की वजह से पन्ना के बाघों का दूसरा बसेरा बनेगा केन बेतवा लिंक की वजह से टाइगर रिजर्व की स्वीकृति दी गई है।

### आकर्षक के केंद्र बने मगरमच्छ तालाब किनारे धूप सेकते दिख रहे

वहीं टाइगर रिजर्व में इन दिनों मगरमच्छ सैलानियों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। सैलानियों को तालाबों के किनारे या बीच में बने टापुओं पर धूप सेंकते मगरमच्छ दिखाई दे रहे हैं जिन्हें देख सैलानी रोमांचित हो रहे हैं। सबसे ज्यादा मगरमच्छ बमनेर नदी के चकई घाट में है जिनकी लंबाई पंद्रह फीट तक है वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व 2019 के बाद जहां बाघों से आबाद हो रहा है तो यहां पर मगरमच्छों का कुनबा पहले सी बढ़ रह है। ठंड के दिनों में मगरमच्छ किनारों पर तालाब और नदी के बीच टापुओं पर धूप सेंकते दिखाई देते हैं। टाइगर रिजर्व की जीवनरेखा बमनेर नदी के चकई सहित विभिन्न घाट, खपराखेरा जमरासीखेरा व छेवला तालाब में विशाल मगरमच्छ हैं। अन्य सीजन में तो मगरमच्छ कभी कभार दिखाई देते हैं लेकिन ठंड में इन्हें दिन भर देखा जा सकता है। वन विभाग द्वारा मगरमच्छों को धूप सेंकने के लिए तालाबों के बीच टापू भी बनाए गए हैं।

## चोरी हुए 11मोबाइल जप्त,19 लोगों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई, 88 वाहनों पर की गई चालानी कार्रवाई

नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो

पुलिस अधीक्षक डॉ. गुरकरन सिंह के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशुतोष मिश्र के मार्गदर्शन में शुक्रवार को अनुभाग सोहागपुर के अंतर्गत थाना माखन नगर पुलिस के द्वारा 02 गुम इंसानों को ढूंढा गया तथा थाना सोहागपुर पुलिस के द्वारा दिनांक 12.02.24 को राधा इलेक्ट्रानिक्स एंड इलेक्ट्रिकल्स की दुकान के संचालक प्रतीक मालवीय ने थाने पर रिपोर्ट किया था कि दिनांक 11 व 12.02.24 की दरमियान रात्रि में अज्ञात चोर ने दुकान के बंद शटर का



ताला तोडकर दुकान में रखे अलग अलग कंपनी के मोबाईल करीब 30 नग तथा दुकान के गल्ले में रखे करीब 25,000/- हजार नगद, बिजली फिटिंग बायर के लगभग 20-22 बंडल चुराकर ले गये है। सूचना पर अपराध क्रं. 080/24 धारा 457,380 आईपीसी. का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान प्रकरण में दिनांक 26.12.24 को आरोपीगण मूलाम सिंह चौधरी तथा गोलू महोबिया निवासी दोनो जिला नरसिंहपुर से प्रथक प्रथक चोरी गये 11 मोबाईल कुल कीमत करीबन 1,50,000 रु. जप्त कर आरोपियों को कोर्ट के समक्ष पेश किया गया है। जिला नर्मदापुरम में यातायात पुलिस द्वारा 88 वाहनों पर चालानी कार्यवाही करते हुये 35,800/- का जुर्माना वसूला गया। जिला नर्मदापुरम के अलग-अलग थानों द्वारा जिले में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने जिले के 19 व्यक्तियों के विरुद्व प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गयी।

## बटालियन एनसीसी नर्मदापुरम का निरीक्षण किया, कैडेट ने मेजर जनरल दुमने को दिया गॉर्ड ऑफ़ ऑनर

नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो

एन.सी.सी. कैडेट्स की सबसे बेहतर प्रशिक्षण सुविधा 13 एम.पी. बटालियन एन.सी.सी. नर्मदापुरम में उपलब्ध है। यह बात 13 एमपी बटालियन एन.सी.सी. नर्मदापुरम के निरीक्षण के दौरान मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ के एडीजे मेजर जनरल वी.एम. दुमने ने कही। निरीक्षण के दौरान भोपाल ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर अजीत सिंह आपके साथ उपस्थित रहे। 13 एम.पी. बटालियन एन.सी.सी. के ओर से कमान अधिकारी कर्नल हरप्रीत सिंह ने मप्र एवं छग एडीजे मेजर जनरल वी.एम. दुमने एवं ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर सुजीत सिंह का स्वागत किया।



तत्पश्चात एनसीसी कैडेट के द्वारा मेजर जनरल वी. एम. दुमने को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। तत्पश्चात आपने एनसीसी अधिकारियों से आपने परिचय प्राप्त किया। इसके बाद कमान अधिकारी कर्नल हरप्रीत सिंह ने बटालियन की वार्षिक गतिविधियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इसके बाद एनसीसी कैडेट के द्वारा युद्ध कौशल का प्रदर्शन सूबेदार राजबीर सिंह के नेतृत्व में किया, मेजर जनरल वी.एम. दुमने ने बटालियन में ऑप्टिकल्स प्रशिक्षण की सुविधा का शुभारंभ भी किया। एनसीसी कैडेट के द्वारा ऑप्टिकल प्रशिक्षण का प्रदर्शन कर अपने कौशल का प्रदर्शन सूबेदार मोहर सिंह की नेतृत्व में किया। मेजर जनरल वी एम दुमने ने आपने संक्षिप्त उद्बोधन में एनसीसी अधिकारियों से अभी से आगामी 26 जनवरी रिपब्लिक डे परेड के लिए तैयारी करने का आग्रह किया। कहा कि सफलता एक या कुछ महीने की तैयारी से नहीं मिलती वरन यह एक सतत चलने वाली प्रक्रिया है। आपने 13 एमपी बटालियन एनसीसी के उत्कृष्ट कार्यो को सराहा एवं उम्मीद जाहिर करते हुए कहा कि बटालियन अपनी परंपरा को कायम रखेगी।

## बिना पंचायतों की सहमति विस्थापन प्रक्रिया चलाना सरासर गलत है

**नौरादेही विस्थापन के खिलाफ 12 गांव के लोग कानूनी लड़ाई लड़ने तैयार**

तेंदूखेड़ा, दोपहर मेट्रो

नौरादेही विस्थापन के खिलाफ निरंतर 12 गांव के लोग कानूनी लड़ाई लड़ने के साथ जमीनी स्तर पर एकत्रित होकर आम जनता को विस्थापन के संबंध में जानकारी देकर विस्थापन के खिलाफ निरंतर मुहिम चला रहे हैं ग्राम फुलर में बैठक आयोजित कर जनमानस को विस्थापन से होने वाले विभिन्न प्रकार की समस्याओं के संबंध में भी अवगत करा रहे हैं नौरादेही विस्थापन संघर्ष समिति के साथ वन अधिकार कानून तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों के साथ मिलकर निरंतर बैठकें की जा रही है ताकि लोगों को विस्थापन के संबंध में संपूर्ण जानकारी उपलब्ध हो सके क्योंकि सरकार द्वारा नौरादेही विस्थापन ग्राम सर्रा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले वारह गांव के लोग विस्थापन प्रक्रिया का विरोध कर रहे हैं इसके बाद भी शासन प्रशासन द्वारा विभिन्न प्रकार की परेशानियां उत्पन्न कर रहा है ताकि लोग मजबूर होकर क्षेत्र छोड़कर चले जाएं जबकि शासन प्रशासन द्वारा इस क्षेत्र की पंचायत की बिना अनुशंसा के विस्थापन प्रक्रिया को अंजाम दिया जा रहा है।



क्षेत्रवासियों द्वारा इस प्रक्रिया के नोटिफिकेशन को मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर में चुनौती दी गई है तथा उच्च न्यायालय द्वारा यथास्थिति आदेश भी दिया गया है लेकिन विस्थापन प्रक्रिया को अंजाम देने वाले उच्च अधिकारी उच्च न्यायालय के आदेश का पालन नहीं कर रहे हैं जिसके कारण क्षेत्रवासियों को विभिन्न प्रकार की परेशानी हो रही है क्योंकि सर्रा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली चार पंचायतों कि बिना अनुमति के विस्थापन प्रक्रिया चलाई जा रही है जबकि विस्थापन प्रक्रिया का ग्रामीणों द्वारा पूर्व से विरोध किया जा रहा है मानसिंह यादव ने बताया कि जब हम लोग अपना क्षेत्र नहीं छोड़ना चाहते हैं तो शासन प्रशासन द्वारा हम लोगों को अनावश्यक रूप से क्यों परेशान किया जा रहा है।

जय आदिवासी युवा शक्ति जयस के प्रदेश संगठन मंत्री श्रीकांत सिंह पोरते ने बताया कि शासन प्रशासन द्वारा चार पंचायतो के अंतर्गत आने वारह गांवों में सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं पर प्रतिबंध लगा है जिसके कारण क्षेत्र वासियों को परेशानी हो रही है जबकि मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा यथा स्थिति आदेश दिया गया है विस्थापन प्रक्रिया स्वेच्छिक है प्रशासन द्वारा योजनाओं पर किसी भी प्रकार का प्रतिबंध लगाना ठीक नहीं है इसके बाद भी क्षेत्र में विभिन्न योजनाओं पर प्रतिबंध लगा है जबकि सर्रा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली चार पंचायतों के लोग विस्थापन के खिलाफ पूर्व में प्रशासन को प्रस्ताव प्रेषित कर चुके हैं इसके बाद भी आए दिन शासन प्रशासन द्वारा क्षेत्र वासियों को परेशान किया जा रहा है उन्होंने बताया कि विस्थापन के खिलाफ हम सभी क्षेत्रवासी एकजुट होकर लड़ाई लड़ेंगे किसी भी कीमत में अपनी जन्मभूमि नहीं छोड़ेंगे इस अवसर पर वीरेंद्र दुबे, मोहन ठाकुर, जगन सरपंच, नोनेलाल परस्ते, शिवलाल धुर्वे, हेमराज पटेल, कुंज बिहारी विश्वकर्मा, कैलाश सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग उपस्थित थे।

**मेट्रो एंकर** गुरू गोविंद सिंह महाराज के चार साहिबजादों का बलिदान दिवस मनाया : गुरूद्वारे में हुआ शबद कीर्तन और लंगर

# वीर साहिबजादों को किया नमन, बच्चों को धर्मरक्षा का दिया संदेश

इटारसी, दोपहर मेट्रो

धर्म की रक्षा में अपने प्राणों की आहूति देने वाले गुरू गोविंद सिंह महाराज के चार साहिबजादों का बलिदान दिवस शुक्रवार को मनाया गया। पिछले एक सप्ताह से इस बलिदान पर्व के तहत गुरूद्वारा श्री गुरूसिंग सभा जयस्तंभ चौक पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

प्रबंधन कमेटी गुरुद्वारा गुरुसिंघ सभा के प्रधान सेवादार जसवीर सिंघ छाबड़ा ने बताया कि 21 से 27 दिसंबर तक बलिदान सप्ताह मनाया गया। शुक्रवार को इस सप्ताह के समापन अवसर पर गुरूनानक स्कूल में वीर बाल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सांसद दर्शन सिंह चौधरी, विधायक डा. सीतासरन शर्मा, नपाध्यक्ष पंकज चौरे, मंडल अध्यक्ष राहुल चौरे, टीटू सलूजा समेत अन्य जनप्रतिनिधियों ने अमर साहिबजादों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर सांसद दर्शन सिंह चौधरी एवं




विधायक डा. सीतासरन शर्मा ने कहा कि मुगलों के अत्याचार का सामना करने हुए वीर साहिबजादों ने अपने प्राण त्याग दिए, लेकिन अपने धर्म को नहीं छोड़ा। इन वीर योद्धाओं को नमन है, साथ ही आज की नई पीढ़ी को इनकी वीरता से सीख लेना चाहिए कि धर्म की रक्षा में कभी प्राण भी त्यागना पड़ जाए तो इससे पीछे नहीं हटना चाहिए।

वीर बलिदान सप्ताह के समापन अवसर पर सुबह गुरूनानक स्कूल में बलिदान दिवस का कार्यक्रम हुआ, इसके बाद स्कूली बच्चों ने शहर में बलिदान रैली निकालकर पूरे शहर में साहिबजादों की शहादत को याद किया। दोपहर में गुरूद्वारे में लंगर का आयोजन किया गया। सप्ताह के तहत पंजाबी साहित्य अकादमी ने वीर बलिदान दिवस का आयोजन किया था, इसमें शहर के स्कूलों में बच्चों को साहिबजादों की शौर्य गाथा पर आधारित फिल्म दिखाई गई। गुरू गोविन्द सिंघ के साहिबजादो बाबा अजीत सिंह, बाबा जुझार सिंह, बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह के बलिदान सप्ताह पर जयस्तंभ गुरूद्वारे में विशेष कीर्तन दरबार, श्री अखंड पाठ साहिब, कथा विचार और गुरुवाणी का आयोजन किया गया।

मप्र शासन संस्कृति विभाग एवं मप्र संस्कृति परिषद द्वारा पंजाबी साहित्य अकादमी भोपाल ने भी सप्ताह के तहत हुए कार्यक्रमों में सहयोग किया। पर्व पर गुरू गोविंद सिंह के चार साहिबजादों एवं माता गुजरी द्वारा धर्म राष्ट्र रक्षा हेतु दिए गए बलिदान पर केन्द्रित ढाडी गायन भी हुआ।

### खंडहर में तब्दील स्कूल को विधायक शर्मा ने चमका दिया था

# प्राचार्य की एक गलती से कन्या शाला में हुए विकास कार्यों पर फिर गया पानी

**प्राचार्य का पत्नी के साथ नाचते हुये वीडियो वायरल, जिला शिक्षा अधिकारी ने जारी किया नोटिस**





सिरोंज, दोपहर मेट्रो

प्राचार्य मनोज शर्मा का छात्राओं के बीच में भजन पर डांस करने का वीडियो वायरल होने के बाद कन्या शाला रावजी पथ स्कूल प्राचार्य मनोज शर्मा को कलेक्टर के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा नोटिस जारी करके वीडियो के संबंध में स्पष्टीकरण मांगा है। दूसरी ओर प्राचार्य मनोज शर्मा ने गलती स्वीकारते हुए कहा कि उत्साह में मेरे हाथ भजन पर उठ गए होंगे कि उक्त आयोजन बच्चियों ने मेरे द्वारा 1 साल में किए गए विकास कार्यों को लेकर किया था मैं तो मीटिंग से आया और बच्चियों ने मेरी पत्नी को बुला लिया। वही इनको 1 साल प्राचार्य के रूप में कन्या शाला में 1 साल होने पर आयोजन करना महंगा पड़ता हुआ दिखाई दे रहा है स्कूल में छात्राओं की उपस्थिति में शैक्षिक कार्य करवाने की जगह पर पत्नी के साथ मिलकर डांस करने का वीडियो वायरल किसी के द्वारा कर दिया इसके बाद कलेक्टर उक्त मामले में कार्रवाई जा रही है।

ज्ञात होकि प्राचार्य मनोज शर्मा ने जब स्कूल का चार्ज लिया था तब स्कूल खंडर में तब्दील होता जा रहा था श्री शर्मा ने स्कूल को खंडर से चमका दिया यह बात कुछ लोगों को हजम नहीं हो रही है क्यूंकि लोग इनकी तारीफें कर रहे है सूत्रों की माने तो स्टाफ के कुछ लोगों को जलन हो रही है तभी तो यह वीडियों वायरल किया गया है श्री शर्मा के ई वीडियों की वजह से उनके द्वारा किये गये विकास कार्य जैसे शून्य हो गये लोग छोटी सी गलती को बड़ा चड़ा कर सामने ला रहे है

**बच्चियों द्वारा किया गया था सत्कार**

वायरल वीडियो में एक कुर्सी पर दोनों पति-पत्नी बैठे हुए जैसे कि किसी शादी में पति-पत्नी को बिठाकर उनका सत्कार किया जाता है उस तरह का सत्कार यहां पर किया गया है।

**23 दिसंबर का है वीडियो**

प्राचार्य और पत्नी का जो वीडियो वायरल हुआ है वह 23 दिसंबर का बताया जा रहा है। आयोजन अच्छी तामझाम के साथ स्कूल के परिसर में हो रहा है, म्यूजिक चल रहा है डांस हो रहा है वहीं पर स्कूल की छात्राएं बैठी हुई है स्टाफ भी मौजूद है इन कैसे काम का सभी वीडियो और फोटो भी लेने का काम स्टाफ कर रहा है फोटोग्राफर भी मौजूद रहता है। प्राचार्य और पत्नी का जोरदार स्वागत भी स्कूल की बालिकाओं के द्वारा किया जा रहा है। म्यूजिक भी चल रहा है जिसमें प्राचार्य मनोज शर्मा अपनी पत्नी के साथ डांस करते हुए भी नजर आ रहे हैं। काफी देर इन दोनों का डांस चलता है, शिक्षा के मंदिर में बड़े आयोजन की तरह स्कूल में व्यवस्थाएं की गई जैसे ही प्राचार्य मनोज शर्मा और अपनी पत्नी यहां पर आती है तो इनका स्कूल की छात्राओं तथा स्टाफ के द्वारा फूल बरसा कर दोनों स्वागत सत्कार किया जाता है इसके बाद म्यूजिक चलता है फिर डांस प्रारंभ होता हैं। इसके अलावा 26 जनवरी एवं 15 अगस्त की तरह इनको परेड की सलामी भी दी जाती है। एक वीडियो में अपने द्वारा किए जा रहे है कामों पर हर कदम में पत्नी के सहयोग की तारीफ कर रहे हैं उनके इस विश्वास पर ही आगे काम करने की बात इनके द्वारा कही जा रही है।

**कन्या शाला स्कूल का है वीडियो**

इस तरह का आयोजन कन्या शाला स्कूल में पहली बार देखने को मिला है वैसे शासन के दिशा निर्देशों के अनुसार कोई भी शिक्षक शासन की गाइडलाइन के बगैर इस तरह का अयोजन नहीं कर सकता है। जबकि वायरल वीडियो में पति-पत्नी दोनों मिलकर नाच रहे हैं। जिस स्कूल का वीडियो वायरल हुआ है उसमें केवल बालिकाएं पड़ती है, इसके बाद भी ऐसा आयोजन एक स्कूल में होना पर तीखी प्रतिक्रिया भी सामने आ रही है। सोशल मीडिया पर वीडियो को लेकर तरह-तरह के कमेंट भी सामने आ रहे हैं। दूसरी ओर कई लोगों के द्वारा कहा जा रहा है कि शिक्षा के मंदिर में सरकारी पैसे का दुरुपयोग करने का काम खुलेआम किया जा रहा है। मर्यादाओं की भी अनदेखी की की गई है।

**इनका कहना है**

बीआरसी कार्यालय में मीटिंग से स्कूल पहुंचा तो बच्चियों ने व्यवस्था की जिन्होंने पत्नी को बुला लिया बस मेरे भजन पर हाथ उठ गए इसको मैं स्वीकारता हूं।
–**मनोज शर्मा** प्राचार्य कन्या शाला स्कूल सिरोंज

नोटिस जारी करके स्पष्टीकरण मांगा है इसके बाद हम आगे की कार्रवाई करेंगे।
–**रामकुमार ठाकुर**, जिला शिक्षा अधिकारी

पूरे मामले की जिला शिक्षा अधिकारी से अपनी निगरानी में जांच करवा रहा हूं जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके बाद करवाई करेंगे।
–**रोशन सिंह** कलेक्टर

### अवैध कॉलोनियों पर हो रही कार्रवाई उठे सवाल

## रसूखदारों के दबाव से ठंडे बस्ते में तो नहीं चली जाएगी?



सिरोंज, दोपहर मेट्रो

अवैध कॉलोनियों पर बुलडोजर चलने की कार्रवाई ने जिलेभर में भूचाल ला दिया है। सरकारी जमीनों पर कब्जा करने वालों और अवैध कॉलोनी बेचने वालो के खिलाफ प्रशासन की इस मुहिम को जनता ने सराहा जरूर है, लेकिन सवाल अब भी बरकरार है-क्या यह अभियान अपने अंजाम तक पहुंचेगा? या फिर रसूखदारों के सूटकेस की चमक इसे ठंडे बस्ते में डाल देगी। 166 अवैध कॉलोनियों पर निशाना, लेकिन क्या यह काफी है।

प्रशासन ने 166 अवैध कॉलोनियों को चिह्नित कर 56 कॉलोनियों पर तत्काल कार्रवाई शुरू की है बुलडोजर की दहाड़ और कड़ी निर्देशों की खबरों ने जहां भू-माफियाओं में खौफ पैदा किया है, वहीं जनता की उम्मीदों को भी पंख लगाए हैं। लेकिन सिरोंज के लोग अतीत के अनुभवों से वाकिफ हैं-क्या प्रशासन वाकई कानून का लोहा मनवाएगा, या बड़े मगरमच्छ फिर बच निकलेंगे।

**प्रशासन की साख पर बड़ा सवाल**–अगर यह मामला भी अन्य अभियानों की तरह बीच में रुक गया, तो प्रशासन की साख को गहरा झटका लगेगा। जनता का विश्वास डगमगा जाएगा. और भूमाफियाओं का हौसला और बढ़ेगा। प्रशासन के पास यह सुनहरा मौका है कि वह कानून के प्रति अपनी निष्ठा को साबित करे।

क्या कानून की ताकत, रसूख और पैसे से बड़ी साबित होगी? इसका जवाब आने वाले दिनों में प्रशासन के फैसलों से मिलेगा। सिरोज की जनता बस एक बात चाहती है-न्याय हो, दिखावा नहीं। सिरोज का भविष्य अब प्रशासन के हाथों में है।

दैनिक दोपहर मेट्रो ने समाचार प्रकाशित कर सरकारी जमीनों पर भूमाफियाओं का कब्जा ने प्रशासन को नींद से जगाया। न केवल जनता की आवाज को मजबूत किया, बल्कि कलेक्टर को भी तत्काल कार्रवाई करने पर मजबूर किया बुलडोजर की गूंज ने यह साबित कर दिया कि मीडिया की ताकत से बड़े बदलाव आ सकते हैं।

**कानून पर रसूख भारी**– ऐसे मामलों में अक्सर देखा गया है कि कार्रवाई की शुरुआत तो जोरदार होती है, लेकिन जैसे-जैसे रसूखदारों के पैसे और दबाव बढ़ते हैं, फाइलें ठंडी पड़ जाती हैं। सिरोज की जनता सवाल कर रही है-क्या प्रशासन बड़े नामों पर भी शिकंजा कसेगा, या केवल छोटे खिलाड़ियों को ही निशाना बनाया जाएगा? फैसला जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने का अब सिरोज की जनता कार्रवाई के हर कदम पर नजर रख रही है। बुलडोजर की दहाड़ के साथ न्याय का परचम लहराने का वक्त है।

## दो दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 1350 मरीजों का हुआ उपचार

### 24 गंभीर रोगियों को इलाज लिए भेजा भोपाल



सिरोंज, दोपहर मेट्रो

दो दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में इलाज करवाने के मरीज का मेला लग गया पहले दिन शिविर में 1350 मरीज उपचार करवाने के लिए पहुंचे 20 कैंसर के रोगी भी चिन्हित किए गए एवं 24 मरीजों की हालत गंभीर होने पर निशुल्क में उपचार करवाने के लिए एंबुलेंस से भोपाल भिजवाकर का उपचार भी इनका प्रारंभ करवाया गया। स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ करने के लिए क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा पहुंचे उन्होंने कहा कि बहुत ही अच्छा प्रयास किया गया इसकी जितनी सराहना की जाए उतनी कम है। शिविर में भोपाल के बड़े-बड़े डॉक्टर के द्वारा यहां पर आकर उपचार किया जा रही है। डॉ संजीव माथुर ने बताया कि सेवा भारती मध्यप्रांत सिरोंज तथा संजीवनी अस्पताल के द्वारा मानव सेवा के उद्देश्य को लेकर किया जाएगा सुबह 11 बजे से लेकर 5 तक डॉक्टरों अलग-अलग काउंटरों पर मरीजों की जांच की दवाई भी उपलब्ध कारण गंभीर मरीजों को सलाह और उपचार के बाद गंभीर बीमारियों से ग्रसित मरीजों को भोपाल मैं भर्ती कराया गया है इनको ले जाने के लिए एंबुलेंस की व्यवस्था भी निशुल्क में क गई। जिंदल हॉस्पिटल के डॉक्टरों की टीम ने उपचार किया इसमें कैंसर, हृदय रोग, नेत्र रोग, कैंसर स्पेशलिस्ट, न्यूरोलॉजिस्ट, हड्डी रोग, स्त्री रोग मेडिसिन स्पेशलिस्ट डॉक्टर की टीम ने काम किया। उपचार शिविर में प 9रू बजे से ही लोगों के आने का सिलसिला प्रारंभ हो गया था चारो मरीज ही मरीज दिखाई दे रहे थे। इससे पहले जितने भी शिविर लगे उनमें 100, 200 लोग आते थे। पर पहली बार इतनी बड़ी संख्या में लोग इलाज करवाने पहुंचे।

## मौसम ने फिर बदला मिजाज, बादलों के साथ चली हवाएं

**सिरोंज।** पिछले तीन दिनों से मौसम में हुए बदलाव के बाद बादलों की लुका छुपी का दौर चल इस वजह से तापमान में भी गिरावट आ गई है। अचानक शुक्रवार को दोपहर के बाद हवाएं चलने से से फिर ठंड बढ़ गई है। आने-वाले दिनों में हल्की बारिश के साथ ठंड बढ़ाने की संभावना मौसम विभाग के द्वारा जताई जा रही है। इसके बाद कड़ाके की ठंड पड़ने का दौरा आरंभ होगा अभी ठंड गायब हो जाने से फसलों में भी रौनक नहीं आ रही है।

बादलों के कारण इल्ली का प्रकोप भी बढ़ गया है। इससे फसलों को बचाने के लिए किसानों के द्वारा कीटनाशक दवाई भी डालने का काम किया जा रहा है। किसानों का कहना है कि जब तक अच्छी ठंडा नहीं पड़ेगी तब तक फसलों में रौनक नहीं आएगी अभी पानी भी जल्दी खेतों से गायब हो रहा है बादलों से नुकसान भी फसलों में रोग लगने लगे हैं।

## कॉलेज चलो अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु निर्देश जारी

## प्रथम चरण 31 जनवरी तक और द्वितीय चरण 30 अप्रैल तक

सिरोंज, दोपहर मेट्रो

विदिशा प्रदेश के समस्त जिलों में 23 दिसम्बर से कॉलेज चलो अभियान का प्रारम्भ किया गया है। अभियान का उद्देश्य 12 वी उत्तीर्ण समस्त विद्यार्थियों का उच्च शिक्षा संस्थानों में शत प्रतिशत प्रवेश सुनिश्चित कर सकल नामांकन अनुपात की दर में वृद्धि करना है। अभियान के प्रभावी संचालन हेतु जिला स्तर पर अधिकारियों की भूमिका और जिम्मेदारी निर्धारित की जाएगी। जिसके अनुसार जिला पंचायत सीईओ जिला स्तर पर कालेज चलो अभियान के नोडल अधिकारी होंगे।

प्रथम चरण में सभी स्तरों पर प्रचार अभियान और योजना के प्रभाव का आकलन प्रति माह करेंगे। प्रथम चरण की समाप्ति पर 31 जनवरी को समेकित डेटा राज्य शासन को प्रेषित करेंगे। द्वितीय चरण की रिपोर्ट 30 अप्रेल को सभी स्तर पर ड्रॉप आउट छात्रों की सूची और तैयारियों की ममेकिंत्त रिपोर्ट राज्य शासन को प्रस्तुत करेंगे। तृतीय चरण में नामांकन डेटा की साप्ताहिक समीक्षा करेंगे तथा गमेरिल रिपोर्ट राज्य शासन को 30 जुलाई तक प्रस्तुत करेंगे।

अग्रणी महाविद्यालय के प्राचार्य और जिला शिक्षा अधिकारी संयुक्त रूप से कालेज चलो अभियान के सहायक नोडल के रूप में कार्य करेंगे।प्रथम चरण में विद्यालयों और महाविद्यालयों में होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करेंगे। जनसम्पर्क विभाग से समन्वय कर सोशल मीडिया अभियान को प्रभावी बनायेंगे। अभियान की साप्ताहिक समीक्षा कर प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे।

द्वितीय चरण में 30 अप्रैल तक जिले के ड्राप आउट विद्यार्थियों की सूची तैयार कर नोडल अधिकारी को प्रेषित करेंगें एवं विद्यार्थियों को प्रवेश हेतु सहयोग प्रदान कर प्रोत्साहित करेंगें।

तृतीय चरण में शेष छात्रों को शामिल करने की विशेष योजना बनायेंगे तथा प्रवेश प्रक्रिया के दौरान नामांकित विद्यार्थियों की जानकारी प्रति ममाह नोडल अधिकारी को प्रस्तुत करेगें। तीस जुलाई तक समग्र प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। ब्लाक स्तर पर अनुविभागीय अधिकारी ब्लाक स्तरीय नोडल के रूप में कार्य करेंगे तथा ब्लाक में स्थित महाविद्यालय के प्राचार्य एवं ब्लाक शिक्षा अधिकारी सहायक नोडल होंगे

प्रथम चरण में ब्लाक स्तर पर अभियान के विभिन्न कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन करेंगे। क्षेत्रीय निरीक्षण कर कार्यक्रमों की सफलता का मूल्यांकन करेंगे।

द्वितीय चरण में ड्रॉपआउट विद्यार्थियों की सूची तैयार कर ड्रॉपआउट की रोकथाम के लिए किये गए प्रयासों की प्रगति मे नोडल अधिकारी को प्रति सप्ताह रिपोर्ट भेजेंगे।

तृतीय चरण में नामांकन प्रक्रिया की प्रभावशीलता का निरीक्षण तथा अभिभावकों एवं छात्रों से फीडबैक प्राप्त कर समस्त पात्र विद्यार्थियों को प्रवेश हेतु महयोग प्रदान कर प्रति सप्ताह प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगें।उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का परिक्षेत्र कलस्टर लेवल होगा जिसके नोडल अधिकारी जनपद पंचायत के सीईओ होंगे तथा सहायक नोडल अधिकारी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य होंगे।

प्रथम चरण में अभियान का व्यापक प्रचार प्रसार विद्यार्थियों को प्रवेश हेतु प्रोत्साहन तथा विद्यालय में अध्ययनरत समस्त विद्यार्थियों को प्रवेश प्रक्रिया में अवगत कराएंगे।द्वितीय चरण में विद्यालय परिक्षेत्र में ड्रॉपआउट विद्यार्थियों की सूची तैयार कर उन्हें नामांकन में सहायता प्रदान करेंगे तथा यह सुनिश्चित करेंगे की कोई भी पात्र विद्यार्थी प्रवेश मे वंचित्त न रहे। तृतीय चरण में प्रत्येक ग्राम में सर्वेक्षण कर पात्र छात्रों की सूची तैयार करेंगे साथ ही महाविद्यालय में नामांकन की योजना बनायेंगे प्राचार्य प्रति सप्ताह ब्लाक स्तरीय नोडल अधिकारी को नामांकित विद्यार्थियों की सूची प्रस्तुत करेंगे। विद्यालय में अध्ययनरत गगस्त विवार्थियों के प्रवेश सुनिश्चितता करने की जिम्मेदारी सम्वन्धित विद्यालय के प्राचार्य की होगी

ग्राम में जागरूकता कार्यक्रम ग्राम स्तर पर पंचायत सचिव और एलओ ग्राम सर्वेक्षण का कार्य करेंगे। प्रथम चरण में ग्राम स्तर पर ग्राम के ड्रॉपआउट विद्यार्थियों की सूची उनके अभिभावकों से सम्पर्क तथा पात्र विद्यार्थियों के महाविद्यालय में नामांकन की योजना बनाकर निकट के उच्चतर महाविद्यालय के प्राचार्य व जनपद सीईओ को सौंपेगे।द्वितीय चरण में छात्रों को नामांकन प्रक्रिया और दस्तावेज तैयार कर सहयोग प्रदान करेंगे।

तृतीय चरण में पंचायत सचिव और बीएलओ गांव के विद्यार्थियों का विद्यालयों में प्रवेश हेतु संपूर्ण प्रयास करेंगें तथा प्रवेश न लेने वाले विद्यार्थियों की जानकारी प्रतिदिन कारण सहित उच्च अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत करेंगें।

अतः उक्त अभियान के प्रथम चरण का समेकित प्रतिवेदन द्वितीय चरण का 30 अप्रैल 2025 तथा तृतीय चरण का 30 जुलाई को राज्य शासन को प्रेषित सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया जाये कि वह इस अभियान को पूर्ण में सक्रिय योगदान देंगे।

**मेट्रो एंकर** अनुसूचित जाति विकास एवं जनजातीय कार्य विभाग के माध्यम से मिली सफलता की कहानी, हितग्राही की जुबानी

# संत रविदास स्वरोजगार योजना से दूसरों को रोजगार देने में सक्षम हुआ हितग्राही

सिरोंज, दोपहर मेट्रो

अनुसूचित जाति विकास एवं जनजातीय कार्य विभाग के माध्यम से क्रियान्वित संत रविदास स्वरोजगार योजना से लाभांवित हितग्र्राही श्री ध्यानदास पंथी, दूसरो को रोजगार देने में सक्षम हुए है। सिरोंज रोहिलपुरा चौराहा आरोन रोड के रहने वाले लाभांवित हितग्राही श्री पंथी का कहना है कि योजना ने मेरे साथ-साथ परिवार के जीवन को परिवर्तित कर दिया है। अब चहुंओर मेरे रोजगार से साख में वृद्धि हुई है। हर रोज रोजगार के लिए इधर-उधर भटकता था।

ऐसे समय मुझे पता चला कि शासन की योजना से लोन लेकर रोजगार संचालन की पहल की जा रही है। मैं तहसील कार्यालय में






पहुंचा तो मुझे जानकारी मिली की अनुसूचित जाति वर्ग के नागरिकों हेतु अनुसूचित जाति विकास एवं जनजाति कार्य विभाग के माध्यम से संत रविदास स्वरोजगार योजना के तहत अनुदान पर रोजगार के लिए बैंक के माध्यम से ऋण दिया जा रहा हैं। मैंने इसके लिए थोडी सी चर्चा ही की थी कि मेरा प्रकरण तैयार हो गया और बैंक के द्वारा चार लाख रूपए की राशि मुझे ऋण के रूप में प्रदाय की गई।

मसाला उद्योग इकाई की स्थापना मेरे द्वारा की गई और शुद्ध मसाला घर-घर बेंचने से मेरा संपर्क बढा और विक्रय में वृद्धि होती गई। दिन प्रतिदिन मसाले की मांग होने पर मैंने दूसरे अन्य लोगो को अपनी मसाला इकाई में काम करने के लिए रखने लगा अब तक सात महिलाएं मेरे मसाला उद्योग में आठ से दस घंटे तक काम कर रही है और उन्हें हर महीने से दस से 15 हजार रूपए हर एक को वेतन के रूप में दे रहा हूँ।

मजदूरी के लिए इधर-उधर भटकने वाला ध्यानदास पंथी अब स्वंय ही दूसरो को मजदूरी देने में सक्षम हुआ है वहीं महिलाओं को रोजगार देकर महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र को बढावा दे रहा है। मसाला उद्योग व्यवसाय से उनके परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है वहीं सभी खर्च निकालने के बाद हर महीने चालीस से पचास हजार रूपए की आमदनी हो रही है।

### जनारी मसाला उद्योग सफलतापूर्वक संचालन

हितग्राही ध्यानदास पंथी के द्वारा जनारी मसाला उद्योग का संचालन किया जा रहा है जो सिरोंज क्षेत्र ही नहीं बल्कि समीपवर्ती जिले गुना एवं राजगढ तक में सप्लाई कर रहे है। इसके लिए बकायदा उन्होंने आटो क्रय कर हर रोज मसाला हल्दी, मिर्च, धनिया की होम डिलेवरी के साथ-साथ अब विभिन्न प्रकार के अचार, मसालो का उत्पादन कर हर रोज क्विंटल की तादाद में विक्रय कर रहे है विदिशा जिले में जनारी मसाला उद्योग के द्वारा तैयार किए गए विभिन्न प्रकार के मसाले की अपनी अलग पहचान है और मसालो की शुद्धता के कारण उनकी ख्याति और उपभोक्ता दोनो में लगातार वृद्धि हो रही है। लाभांवित हितग्राही का कहना है कि उन्होंने कभी भी नहीं सोचा था कि एक योजना से मैं इतना सम्पन्न होता जाऊंगा और कभी भविष्य में मैं दूसरो को रोजगार दे पाऊंगा यह सब शासन की संत रविदास स्वरोजगार योजना से संभव हुआ है। सिरोंज की गल्ला मंडी स्थित एसबीआई बैंक में अब मेरी पहचान प्रतिष्ठित व्यवसाईयों में हो रही है और बैंक द्वारा मुझे और अधिक लोन लेने के लिए अभिप्रेरित किया जा रहा है। हितग्राही ने शासकीय योजना से लाभांवित होने पर शासन प्रशासन के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है।



# टॉप टीम लिवरपूल के लिए आगे का सफर आसान नहीं

## क्लब फुटबॉल इंग्लिश प्रीमियर लीग के मुकाबले फिर शुरू

**लंदन, एजेंसी**

इंग्लिश प्रीमियर लीग का पहला हाफ बीत चुका है और लिवरपूल की टीम 16 मैचों में 12 जीत, 3 ड्रॉ और एक हार से 39 अंक लेकर शीर्ष पर चल रही है। 1992-93 से अब तक लिवरपूल क्रिसमस तक सात बार लीग में टॉप पर रहा है, लेकिन सिर्फ एक बार ही खिताब जीत पाया है। ऐसे में उसके लिए लीग का शेष सफर चुनौतीपूर्ण हो सकता है। टीम अंतिम बार 2019-20 सीजन में क्रिसमस तक शीर्ष पर रही थी और चैंपियन बनी थी। क्रिसमस से पहले तक सर्वाधिक गोल और असिस्ट करने वाले वे पहले खिलाड़ी बने। वे लगातार चार सीजन दोहरी संख्या में गोल और असिस्ट करने वाले पहले खिलाड़ी बने सालाह ने पिछले 12 मैचों में 12 गोल किए हैं। वे इस सीजन अब तक 33 गोल कर चुके हैं।

**शीर्ष पर रहना खिताब की गारंटी नहीं...**

प्रीमियर लीग के प्रशंसक यह अच्छे से जानते हैं कि क्रिसमस तक लीग के आधे सफर तक शीर्ष पर रहना खिताब जीतने की गारंटी नहीं है। 1992 के बाद से पिछले छह मौकों पर लिवरपूल केवल एक बार चैंपियन बना है। प्रीमियर लीग के अब तक के 32 सीजन में 25 दिसंबर तक शीर्ष पर रहने वाली टीमों में से केवल 16 ही खिताब जीत पाई हैं।

# बुलवायो टेस्ट में जिम्बाब्वे टीम ने 586 रन बनाए

## विलियम्स, इरविन और बेनेट की सेंचुरी अफगानिस्तान ने 95 रन पर 2 विकेट गंवाए

**बुलवायो. एजेंसी**

जिम्बाब्वे और अफगानिस्तान के बीच बुलवायो में टेस्ट सीरीज का पहला मैच खेला जा रहा है। शुक्रवार को जिम्बाब्वे ने पहली पारी में 586 रन बना दिए। टीम से शॉन विलियम्स, कप्तान क्रैग इरविन और ब्रायन बेनेट ने सेंचुरी लगाई। दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक अफगानिस्तान ने 95 रन पर 2 विकेट गंवा दिए। विलियम्स 154 पर आउट जिम्बाब्वे ने दूसरे दिन 363/4 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। शॉन विलियम्स ने 145 और क्रैग इरविन ने 56 रन से अपनी पारी आगे बढ़ाई। विलियम्स 154 रन बनाकर आउट हो गए। उनके बाद इरविन ने बेनेट के साथ पारी संभाली। इरविन-बेनेट ने स्कोर 450 के पार पहुंचाया जिम्बाब्वे ने 383 रन के स्कोर पर 5वां विकेट गंवाया। यहां से इरविन और ब्रायन बेनेट टीम को 450 के पार ले गए। इरविन 104 रन बनाकर आउट हुए। उनके बाद बेनेट एक एंड पर टिक गए, उनके सामने न्यूमैन न्याम्हुरी 26, ब्लेसिंग मुजरबानी 19 और ट्रेवर ग्वांडु 3 रन बनाकर आउट हुए। ब्रैंडन मावुटा खाता भी नहीं खोल सके। बेनेट 110 रन बनाकर नॉटआउट रहे, उन्होंने अपने टेस्ट करियर का पहला ही शतक लगाया। उनकी पारी के दम पर जिम्बाब्वे ने 586 रन बना दिए। अफगानिस्तान से अल्लाह गजनफर ने 3 विकेट लिए। नावीद जादरान, जहीर खान और जिया-उर रहमान को 2-2 विकेट मिले। एक विकेट अजमतुल्लाह ओमरजई ने लिया। अफगानिस्तान ने 2 विकेट खो दिए दूसरे दिन ही अफगानिस्तान ने भी अपनी पहली पारी शुरू कर दी। टीम ने 3 रन पर ही सेदिकुल्लाह अटल का विकेट गंवा दिया। अटल ने 3 रन बनाए। उनके बाद अब्दुल मलिक ने रहमत शाह के साथ 61 रन की पार्टनरशिप की। अब्दुल 23 रन बनाकर आउट हुए। दिन का खेल खत्म होने तक रहमत 49 और कप्तान हशमतुल्लाह शहीदी 16 रन बनाकर नॉटआउट रहे। टीम ने 95 रन बना लिए। जिम्बाब्वे से ट्रेवर ग्वांडु और ब्लेसिंग मुजरबानी को 1-1 विकेट मिला। पहले दिन विलियम्स का शतक जिम्बाब्वे ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। जॉयलॉर्ड गुम्बी 9 रन बनाकर आउट हुए। बेन करन ने 68 रन की पारी खेल दी, उनके सामने टी कायतानो ने 46 रन बनाए। करन के विकेट के बाद शॉन विलियम्स ने कायतानो के साथ ही स्कोर 150 के पार पहुंचाया। उन्होंने सेंचुरी लगाई।

# अफगानिस्तान टीम टेस्ट सीरीज के लिए घोषित

## राशिद व्यक्तिगत कारणों से रहेंगे बाहर, गजनफर शामिल

**पेरिस, एजेंसी**

स्टार स्पिनर राशिद खान व्यक्तिगत कारणों के चलते जिम्बाब्वे के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट नहीं खेल पाएंगे, जिसके बाद बुलावायो में होने वाले मुकाबले के लिए स्पिनर एएम गजनफर को अफगानिस्तान टीम में शामिल किया गया है। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने सोशल मीडिया पर बताया कि गजनफर को जिम्बाब्वे के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए टीम में शामिल किया गया है। गजनफर को पहली बार टेस्ट टीम में शामिल किया गया है।

**28 साल में पहली बार...**

अफगानिस्तान और जिम्बाब्वे के बीच सीरीज का पहला मैच क्वींस स्पोर्ट्स क्लब में खेला जाएगा। 28 साल में यह पहली बार होगा जब जिम्बाब्वे अपने घर में बॉक्सिंग डे टेस्ट खेलेगा।

# भारत-ऑस्ट्रेलिया टेस्ट: पहली पारी में इंडिया का स्कोर 348/8

**मेलबर्न. एजेंसी**

टीम इंडिया बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के चौथे मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वापसी कर रही है। टीम ने पहली पारी में 8 विकेट पर 348 रन बना लिए हैं। टीम 126 रन से पीछे है। नीतीश रेड्डी क्रीज पर हैं। रेड्डी ने टेस्ट करियर का पहला अर्धशतक जमाया। मेलबर्न टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी 474 रनों के स्कोर पर ऑलआउट हो गई थी. दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक भारत ने 164 रन पर 5 विकेट गंवा दिए थे.भारत और ऑस्ट्रेलिया का चौथा टेस्ट मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में खेला जा रहा है, जो 26 दिसंबर से शुरू हुआ था. पहले 2 दिन के खेल के बाद ऑस्ट्रेलिया मैच में आगे चल रहा है । वाशिंगटन सुंदर और नितीश कुमार रेड्डी की साझेदारी टूट गई है. दोनों ने आठवें विकेट के लिए 127 रन जोड़े. वाशिंगटन सुंदर 162 गेंद में 50 रन बनाकर आउट हुए. उन्हें नाथन ल्योन ने आउट किया. भारत ने 348 रनों पर आठवां विकेट गंवाया दिया था। टीम इंडिया का स्कोर सात विकेट पर 347 रन हो गया है. भारत अब ऑस्ट्रेलिया से 127 रन पीछे है. नितीश कुमार रेड्डी 96 रनों पर हैं. वाशिंगटन सुंदर 50 पर खेल रहे हैं. दोनों के बीच 126 रनों की साझेदारी हो चुकी थी।



**मनोरंजन** **बॉलीवुड का कोना**

# किटू गिडवानी ने किया था आमिर खान के साथ फिल्म में काम, बताया अपना गुरु

बॉलीवुड के सितारे मिस्टर परफेक्शनिस्ट को चाहने वाले उनके फैंस पूरे देश और विदेशों में भी हैं। अभिनेता सिनेमा में तीन दशक से ज्यादा समय से काम कर रहे हैं, लेकिन एक समय ऐसा भी था, जब वो इंडस्ट्री में नए आए थे और इंडस्ट्री के लिए कुछ भी नहीं थे। हाल ही में उनकी सह कलाकार रही किटू गिडवानी ने आमिर को लेकर बात की है। कीटू साल 1984 में आई फिल्म होली में आमिर के साथ काम कर चुकी हैं। ये पॉलिटिकल थ्रिलर फिल्म थी, जिसमें आशुतोष गोवारिकर और नसीरुद्दीन शाह के साथ काम किया है। इसको लेकर अभिनेत्री ने कहा, उन दिनों आमिर खान कोई नहीं थे! फिल्म निर्माता केतन मेहता ने मुझसे पूछा, किटू, इन दिनों तुम ज्यादातर फिल्म इंस्टीट्यूट में नजर आ रही हो... तो मैंने कहा, हां, मैं छात्रों की फिल्में कर रहा हूं। अचानक उन्होंने कहा, क्या तुम होली मनाओगी? मैंने पूछा, होली क्या है? उन्होंने कहा, मैं एक फिल्म कर रहा हूं। और इस तरह यह सब हुआ। उन्होंने कहा कि फिल्म में उनका किरदार बहुत कम था। मैं केवल एक कैंपस में एक बोल्ड लड़की का किरदार निभा रही थी और ये सब उन्होंने रुपयों के लिए नहीं किया। ये उन्होंने किया क्योंकि ऐसा करना उन्हें पसंद था। आमिर खान के साथ काम करने की बात पर उन्होंने कहा कि उन दिनों आमिर ने सिनेमा में करियर की शुरुआत ही की थी। वो एक ऐसे व्यक्ति थे, जो सिनेमा को पसंद करते थे। वे बहुत क्रिएटिव थे। मुझे भी नहीं पता था आमिर खान कौन हैं। मैं भी नर्वस थी, जैसे वे थे। वे बहुत ही साधारण अभिनेता है, मैं उन्हें दोस्त बुला सकता हूं। फिल्म में नसीरुद्दीन शाह का भी किरदार था, वे अपने अलग मिजाज के कारण जाने जाते थे। उन्होंने कहा कि वे एक गुरु की तरह रहे, एक सह कलाकार होने से पहले बहुत ही दयालु इंसान थे। मैंने उनका थिएटर ग्रुप भी ज्वाइन किया था।



# एक्ट्रेस अहाना ने सोशल मीडिया को कलाकारों के लिया बताया अभिशाप

अभिनेत्री अहाना एस कुमरा ने हिंदी सिनेमा ने अपने 10 साल पूरे कर लिए हैं। उन्होंने अमिताभ बच्चन के साथ टीवी शो 'युद्ध' से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी। वह 'लिपस्टिक अंडर माय बुर्का', द एक्सीडेंटल प्राइम मिनिस्टर और सलाम वेंकी जैसी फिल्मों में भी नजर आ चुकी हैं। इसके बावजूद भी उन्हें लगता है कि आज उनके लिए काम पाना पहले की तुलना में कहीं ज्यादा मुश्किल है। उन्होंने कहा कि प्रभाव और नेटवर्किंग ही एकमात्र ऐसी चीज हैं, जिनके जरिए आपको काम मिल रहा है। अहाना ने कहा, बहुत से सितारे उलझन में हैं कि इससे कैसे निपटा जाए, क्योंकि हमें सोशल मीडिया पर आक्रामक रूप से सक्रिय रहने और पीआर एजेंसियों की मदद लेने के लिए कहा जा रहा है। अभिनेत्री ने कहा सोशल मीडिया अभिनेताओं के लिए वरदान से ज्यादा अभिशाप बन गया है। उन्होंने कहा, जब मैंने शुरुआत की थी, तो सोशल मीडिया पर खास तरह का दिखने और रील और डांस वीडियो करते रहने का इस तरह का दबाव नहीं था। आज बहुत सारी कास्टिंग सोशल मीडिया फॉलोअर्स के आधार पर हो रही है। उन्होंने कहा, आज के समय में काम पाना बहुत मुश्किल और बेहद दर्दनाक है।



# अपने दोस्तों को थाइलैंड घुमाने ले गए अनुपम खेर, बोले- जिंदगी ना मिलेगी दोबारा



अनुपम खेर हाल ही में थाइलैंड यात्रा पर गए। दिलचस्प बाय ये है कि अभिनेता अपने बचपन के दोस्तों के साथ घूमने गए। उन्होंने इसकी खुशी साझा की है। अभिनेता अनुपम खेर सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहते हैं। अक्सर अपनी निजी जिंदगी और करियर संबंधी जानकारी वे फैंस से इसी प्लेटफॉर्म के जरिए साझा करते हैं। हाल ही में अनुपम खेर ने कुछ खूबसूरत पल फैंस के साथ साझा किए हैं और इसके साथ एक किस्सा भी सुनाया है। अनुपम खेर यारों के यार हैं और दोस्तों के लिए कुछ भी करने को तैयार रहते हैं। हाल ही में उन्होंने बचपन के दोस्तों को एक खूबसूरत सरप्राइज दिया। अनुपम खेर अपने बचपन के दोस्तों को थाइलैंड घुमाकर लाए हैं। उन्होंने यह ट्रिप दोस्तों को बतौर सरप्राइज दी। अनुपम खेर ने यात्रा की झलकियां वीडियो में साझा की हैं, जो उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से शेयर किया है। एक्टर ने लिखा है, मैं, विजय सहगल, अनिल शर्मा और सतीश मल्होत्रा शिमला में साथ में रहते थे। हम पिछले 55 साल से दोस्त हैं। सब दादा नाना बन गए है! हमने जिंदगी के उतार-चढ़ावों में दोस्ती को बरकरार रखा है। एक्टर ने आगे लिखा है, मेरा भाई राजू भी हमारा दोस्त बना है। छोटे शहरों में बड़े भाई के दोस्त छोटे भाई के दोस्त आसानी से बन जाते हैं। हम अलग-अलग शहरों में रहते हैं, लेकिन इसके बाद भी एक-दूसरे से जुड़े हैं। पिछले हफ्ते मैंने इन्हें सरप्राइज दिया कि मैं उन्हें पांच दिनों के लिए छुट्टी पर थाइलैंड लेकर जा रहा हूं। किस्मत से सबके घरवाले मेरे इस अचानक लिए गए फैसले से खुश ही थे। पेश है हमारी इस छुट्टी की कुछ झलकियां! यह जिंदगी के कुछ खूबसूरत पल हैं। वाकई जिंदगी ना मिलेगी दोबारा%!! जय हो!



**मेट्रो बाजार**

# आरबीआई ने गिरावट में खरीदा सोना हिस्सेदारी 10% के पार



**मुंबई, एजेंसी**

डॉलर के मुकाबले रुपए में गिरावट के बीच आरबीआइ ने लगातार 11वें महीने नवंबर में सोना खरीदने का सिलसिला जारी रखा। पहली बार आरबीआइ के कुल विदेशी मुद्रा भंडार (फॉरेक्स रिजर्व) में गोल्ड की हिस्सेदारी बढ़कर 10.2 फीसदी पर पहुंच गई है। एक साल पहले दिसंबर में यह हिस्सेदारी 7.8 फीसदी थी। आरबीआइ के ताजा आंकड़ों के अनुसार, नवंबर के अंत में देश का गोल्ड रिजर्व बढ़कर 876.18 टन पर पहुंच गया, जो पिछले साल के मुकाबले 9 फीसदी ज्यादा है। नवंबर में आरबीआइ ने 8.4 टन और अक्टूबर में 14 टन गोल्ड खरीदा था। डॉलर की तेजी, बदलते जियो-पॉलिटिकल परिदृश्य के मद्देनजर भारत जैसे विकासशील देश अपने गोल्ड रिजर्व में लगाजार इजाफा कर रहे हैं। फॉरेक्स रिजर्व में गोल्ड की हिस्सेदारी में लगातार बढ़ोतरी फॉरेक्स रिजर्व को डायवर्सिफाई करने की रणनीति का भी हिस्सा है। अक्टूबर-नवंबर में गोल्ड की कीमतों में गिरावट ने भी आरबीआइ को सोने की खरीद के लिए प्रोत्साहित किया। विदेशी निवेशकों की बिकवाली और रुपए में गिरावट के बीच फॉरेक्स रिजर्व में गोल्ड की हिस्सेदारी का बढ़ना महत्वपूर्ण है। खरीदारी की सबसे बड़ी वजह ने भी छह महीने के ब्रेक के बाद नवंबर में 4.5 टन सोना खरीदा। ग्लोबल इन्वेस्टमेंट फर्म बैंक ऑफ अमरीका के रणनीतिकारों ने अनुमान लगाया है कि 2025 के अंत तक अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमत 3,000 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच सकती है। अगर ऐसा होता है तो भारत में 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 90,000 रुपए से 95,000 रुपए तक जा सकती है। केडिया कमोडिटीज के डायरेक्टर अजय केडिया का कहना है कि वित्त वर्ष 2024 में ग्लोबल ज्वैलरी डिमांड में 18 फीसदी की बढ़ोतरी हुई और वित्त वर्ष 2025 में 14-18 फीसदी की वृद्धि होने की उम्मीद है। ब्रांडेड आभूषणों से होने वाले राजस्व में सालाना आधार पर 18-20 फीसदी की वृद्धि होने का अनुमान है।

# चांदी के सिक्के-आभूषणों पर हॉलमार्किंग की तैयारी

**नईदिल्ली, एजेंसी**

सोने की तरह चांदी पर भी हॉलमार्किंग का नियम जल्द लागू हो सकता है। सरकार इस दिशा में तेजी से काम कर रही है। देशभर में गोल्ड ज्वैलरी के लिए अनिवायञ्ञ हॉलमार्किंग को लागू किया जा चुका है, लेकिन चांदी पर इसे लागू करने में कुछ तकनीकी समस्याएं सामने आ रही हैं। इन समस्याओं का समाधान निकालने के बाद सरकार इसे लागू करने पर विचार कर रही है। स्थायी एचयूआइडी के लिए चांदी को वायुमंडलीय प्रतिक्रियाओं के प्रभाव से बचाने के लिए रिसर्च किया जा रहा है। इस तकनीकी समस्या का समाधान मिलने पर चांदी पर हॉलमार्किंग हकीकत बन सकता है। एचयूआइडी भारतीय मानक ब्यूरो (बीआइएस) की ओर से सत्यापित छह अंकों वाला कोड होता है, जिसे किसी भी ज्वैलरी पर दोहराया नहीं जाता है। इससे ग्राहक को शुद्ध ज्वैलरी मिलती है और बेचने के समय भी उन्हें इसकी सही कीमत मिल जाती है। इससे लोगों को शुद्ध ज्वैलरी मिलेगी। हॉलमार्क यह सुनिश्चित करता है कि आभूषण सही कैरेट व मानकों के अनुरूप है। चांदी पर हॉलमार्किंग लागू करने में सबसे बड़ी चुनौती चांदी से बनी चीजों के ऊपर लंबे समय तक एचयूआइडी मार्क को बनाए रखना है। जानकारों का कहना है कि सोने के उलट चांदी पर्यावरणीय कारकों के प्रति ज्यादा संवेदनशील होती है। इससे चांदी की चीजों पर बनाया गया एचयूआइडी मार्क समय के साथ खराब या फिर मिट सकते हैं। फर्जीवाड़े के लिए भी इसे मिटाया जा सकता है। इस समस्या के समाधान के लिए ऐसा तरीका खोजा जा रहा है जिससे चांदी ज्वैलरी-सिक्कों पर एचयूआइडी मार्क लंबे समय तक बनाए रखा जा सके।

### भोपाल में बागसेवनिया के पास हादसा

# पुणे जा रहे यात्री की चलती ट्रेन से गिरकर हुई मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित नारायण नगर रेलवे ट्रैक पर शुक्रवार सुबह युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश बरामद कर पीएम के लिए मर्चुरी में रखवा दी है। घटनास्थल पर मिले टूटे मोबाइल और पर्स से मृतक की पहचान कर ली गई है। मृतक के परिजन भोपाल पहुंच गए हैं। शनिवार को पीएम के बाद शव परिजन को सौप जाएगा। पुलिस के अनुसार नारायण नगर रेलवे ट्रैक पर शुक्रवार सुबह करीब 10ः15 बजे कुछ लोगों ने एक युवक की लाश पड़ी देखी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और लाश पीएम के लिए भेज दी। पुलिस को घटनास्थल से एक टूटा हुआ मोबाइल और पर्स मिला था। पुलिस ने किसी तरह मोबाइल से संपर्क किया। दरअसल स्क्रीन टूटने के कारण इनकमिंग कॉल भी रिसीव नहीं हो रही थी।

**भाइयों के साथ कर रहा था सफर**

मोबाइल पर संपर्क होने पर पता चला की मृतक दीनानाथ पिता त्रिवेणी राय 240 साल मूलतः उत्तर प्रदेश का रहने वाला था। वह अपने दो भाई और गांव के तीन-चार लोगों के साथ कुशीनगर एक्सप्रेस से उत्तर प्रदेश से पुणे के लिए यात्रा कर रहा था। जनरल कोच में उसका भाई भी था बाकी के लोग दूसरे कोच में बैठे हुए थे। किसी को पता ही नहीं चला कि वह ट्रेन से कब गिर गया।



**ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत**

**भोपाल।** सूखीसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित गांव भद्भदा में शुक्रवार रात ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी में रखवा दिया है। आज गंजबासौदा से पहुंचे परिजन को आज पीएम के बाद शव दिया गया। युवक ने आत्महत्या की या फिर वह ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आया पुलिस जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार अभिषेक आदिवासी पिता अशोक आदिवासी (25) गंजबासौदा तहसील के एक गांव में रहता था और यहां भद्भदा में ईंट के भट्टे पर काम करता?था। शुक्रवार रात करीब आठ बजे उसका शव ग्राम भद्भदा में रेलवे ट्रैक पर क्षत-विक्षत अवस्था में पड़ा मिला। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद शव पीएम के लिए भेज दिया था।

**चाय बनाते समय झुलसी बुजुर्ग महिला की मौत**

**भोपाल।** मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित जाटखेड़ी झुग्गी में करीब डेढ़ महीने पहले आग से झुलसी महिला की इलाज के दौरान हमीदिया अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम का जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 60 साल की सुशील राजपूत पति स्वर्गीय जगदीश राजपूत, जाटखेड़ी में झुग्गी बनाकर रहती थी। उनके बच्चे नहीं हैं। करीब 10 साल पहले पति की भी मौत हो चुकी थी। 16 नवंबर को वह चाय बनाते समय झुलस गई थी। आस पास रहने वाले लोगों ने उन्हें एंबुलेंस की मदद से हमीदिया अस्पताल पहुंचा दिया था। हमीदिया अस्पताल में करीब डेढ़ महीने से उनका इलाज चल रहा था। उनके स्वास्थ्य में सुधार हो गया था लेकिन जलने के कारण संक्रमण बढ़ रहा था। शुक्रवार दोपहर करीब 12ः00 बजे उनकी तबीयत अचानक बिगड़ी और मौत हो गई।

**खंडवा तक पहुंच गए थे सभी**

दीनानाथ के भाई से जब संपर्क हुआ तो ट्रेन खंडवा तक पहुंच गई थी। पुलिस ने दीनानाथ के साथ हुए हादसे की जानकारी दी। इसके बाद भाई और गांव के लोग शुक्रवार रात भोपाल पहुंच गए थे। शनिवार को दीनानाथ का पीएम करने के बाद शव परिजन को सौप जाएगा।

# बहन से प्रेम विवाह का 8 साल बाद लिया बदला, जीजा पर चाकू से हमला



**आरोपी साले समेत तीन पर मामला दर्ज**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

बिलखिरिया थाना क्षेत्र स्थित कोक्ता नंबर 4 नवीन बस्ती में साले ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर जीजा पर चाकू से हमला कर दिया।

चाकू पेट पर लगा है। उसकी हालत खतरे से बात बताई जा रही है। हमले की वजह 8 साल पूर्व बहन से प्रेम विवाह की बात सामने आई है। पुलिस ने उक्त मामले में आरोपी साले और उसके दो साथियों पर चाकूबाजी समेत एट्रोसिटी एक्ट और मारपीट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार 26 साल का जगदीश अहिरवार पिता राम प्रसाद अहिरवार, कोफ्ता नंबर चार नवीन बस्ती बिलखिरिया में रहता है। जगदीश प्राइवेट काम करता है और करीब 8 साल पहले उसने लोधी समाज की युवती से शादी की थी। शादी के बाद दंपती यहां रह रहे थे।

**दो साथियों के साथ घर पहुंच साला**

तीन दिन पहले 23 दिसंबर की रात करीब 8ः30 बजे जगदीश का साला गौतम उर्फ छोटू अपने दो साथियों के साथ जगदीश के घर पहुंचा था। गौतम ने जगदीश को आवाज देकर बाहर बुलाया और अपने दोस्तों के साथ मिलकर मारपीट की। इस दौरान आरोपी ने जगदीश पर चाकू से हमला कर दिया। पेट में चाकू लगने से जगदीश को चोट आई है। जगदीश की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ चाकू बाजी मारपीट और एट्रोसिटी एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है।

## ढाबे के सामने खड़ी संचालक की मोटरसाइकिल चोरी



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

बिलखिरिया स्थित ढाबे के सामने खड़ी संचालक की बाइक चोरी चली गई। इसी इलाके में एक अन्य बाइक बदमाश चोरी कर ले गए। इधर कई अन्य स्थानों से दोपहिया वाहन चोरी हुए हैं। पुलिस ने सभी मामलों में अज्ञात वाहन चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार देवेंद्र थापक (45) ग्राम जमुनिया कला में रहते हैं और बिलखिरिया बायपास मार्ग पर ढाबा चलाते हैं। कुछ दिनों पहले उन्होंने अपनी बाइक ढाबे के सामने खड़ी की और रिश्तेदारी में जयपुर चले गए।

अगले दिन भाई ने बताया कि बाइक गायब है। जयपुर से वापस लौटने के बाद देवेंद्र ने थाने जाकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। इसी प्रकार ग्राम अमझरा निवासी प्रीतम ठाकुर के घर के सामने खड़ी पल्सर बाइक चोरी हो गई।

इधर गोविंदपुरा थानांतर्गत विजय मार्केट बरखेड़ा से कंचन सिंह की स्कूटर, सांची दूध डेयरी के पीछे से शिवम साहू, मंगलवारा स्थित भारत टाकीज चौराहा से अब्दुल रहीम खान और निशातपुरा स्थित सब्जी मंडी करोंद से हर्षित नाईक की बाइक चोरी चली गई। पुलिस ने सभी मामलों में अज्ञात वाहन चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## शादी के आठ महीने बाद ही नव विवाहिता ने लगाई फांसी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

कोहेफिजा थाना क्षेत्र स्थित जैन मंदिर लालघाटी में नव विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसकी लाश पति ने फांसी के फंदे पर लटकी देख पुलिस को सूचना दी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश बरामद कर पीएम के लिए मर्चूरी भेज दी। घटनास्थल का निरीक्षण करने पर पुलिस को सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस के अनुसार जैन नगर लालघाटी निवासी आरती द्विवेदी पति अक्षय द्विवेदी (27) मूलतः छतरपुर जिले की रहने वाली थी। उसकी शादी वर्ष 2023 में अक्षय से हुई?थी। अक्षय कंस्ट्रक्शन कंपनी में इंजीनियर है। उसने पुलिस को बताया कि गुरुवार देर रात वह घर लौटा था और अपने कमरे में सो गया। शुक्रवार सुबह करीब पांच बजे उसकी नींद खुली तो पत्नी नजर नहीं आई। वह पत्नी को देखने दूसरे बेडरूम में पहुंचा तो दरवाजा अंदर से बंद?था। आवाज देने के बाद भी जब दरवाजा नहीं खुला तो उसने खिड़की से झांककर देखा।

इस दौरान आरती फांसी के फंदे पर लटकी नजर आई। उसने किसी तरह दरवाजा तोड़ा और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एफएसएल की टीम से घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद आरती का शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया। छतरपुर से आए परिजनों की मौजूदगी में आज शव का पीएम कराया गया है। पुलिस का कहना है कि आरती के मायके पक्ष के बयान दर्ज किए जाएंगे। इसके बाद ही आत्महत्या की सही वजह सामने आ सकेगी।



**पत्थर मारकर कार का कांच तोड़ा**



**भोपाल।** हनुमानगंज इलाके में अज्ञात बदमाश ने एक कार पर पत्थर मारा, जिससे कांच टूट गया और कार चला रहा युवक घायल हो गया। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक औसामा हसन (29) तलैया में रहते हैं और फर्नीचर की दुकान चलाते हैं। 26 दिसंबर को तड़के करीब चार बजे वह निशातपुरा इलाके से क्रिकेट मैच खेलकर कार से घर लौट रहे थे। उनके साथ तीन दोस्त भी है। छोला रोड स्थित कलारी के आगे पहुंचे तो सड़क किनारे कुछ लोग खड़े हुए थे। उनमें से एक लड़के पत्थर फेंककर मारा जो कार का ड्रायवर साइड कांच तोड़ते हुए अंदर पहुंचा और कंधे तथा मुंह पर लगा। औसामा ने कार रोकी तो पत्थर मारने वाला वहां से भाग निकला। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

**मामूस बच्ची का अगवा करने वाले दंपती गिरफ्तार**



**भोपाल।** गांधी नगर इलाके में रहने वाली चार साल की एक बच्ची लापता हो गई। पुलिस ने इस मामले में एक दंपती को को गिरफ्तार कर लिया है। दंपति बच्ची को लेकर अपने घर ब्यावरा चला गया था। जानकारी के अनुसार 4 साल की बच्ची गांधी नगर में अपने दादा-दादी के साथ रहती है। उसके माता-पिता अलग-अलग रहते हैं। गुरुवार को दादा बच्ची को घुमाने के लिए लेकर निकला था और पास ही एक प्लाट पर पास उसे भूल कर लौट गया। घर पहुंचने पर उसे बच्ची का खयाल आया तो वह मौके पर पहुंचा, लेकिन बच्ची नहीं मिली। इसके साथ ही प्लाट पर चौकीदारी करने वाला दंपती भी नहीं मिले। सूचना मिलते ही पुलिस ने इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे तो पता चला कि दंपती बच्ची को अपनी बाइक पर बिठाकर ले जा रहा है। उसके बाद पुलिस टीम दंपती के ब्यावरा स्थित घर पहुंची, जहां बच्ची सकुशल मिल गई। पूछताछ के दौरान पता चला कि युवक अपनी पत्नी के साथ प्लाट पर चौकीदारी करता है। उसके कोई संतान नहीं है। दादा के साथ आई बच्ची जब उसके पास छूट गई तो वह उसे लेकर अपने घर चला गया है। मामला मासूम बच्ची से जुड़ा होने के कारण पुलिस ने दंपति के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज कर लिया है।

**मेट्रो एंकर** ट्रेनों में चोरी होने का सिलसिला जारी

# सफर के दौरान यात्रियों के कीमती मोबाइल चोरी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

भोपाल से गुजरने वाली यात्री ट्रेनों में सफर के दौरान यात्रियों का सामान चोरी होने का सिलसिला जारी है। बदमाशों ने युवक और युवतियों के मोबाइल समेत हजारों का सामान चोरी कर लिया। जीआरपी ने सभी मामलों में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार छिंदवाड़ा निवासी हरीश यदुवंशी भोपाल से दिल्ली जाने के लिए अंडमान एक्सप्रेस के जनरल कोच में सवार हुआ था। कोच में पहुंचने के बाद देखा तो जेब में रखा 12 हजार रुपये कीमत का मोबाइल फोन गायब था। कानपुर उत्तर प्रदेश निवासी मंजीत तड़के करीब चार बजे भोपाल पहुंचा था। रात होने के



कारण वह प्लेटफार्म क्रमांक 6 स्थित मुसाफिर खाने में जाकर सो गया। कुछ समय बाद नींद खुली तो जेब में रखा 12 हजार रुपए कीमत का मोबाइल फोन चोरी हो चुका था। इसी प्रकार तड़के चार बजे भोपाल पहुंची अयोध्या नगर निवासी माही शुक्ला मुसाफिर खाने में जाकर सो गई थी। करीब एक घंटे बाद नींद खुली तो बगल में रखा पिट्ठू बैग गायब था। बैग में 10 हजार रुपये नकदी और कपड़े समेत अन्य सामान रखा हुआ था। मोबाइल और नकदी चोरी इधर, बैतूल निवासी आयुष साहू राजकोट जाने के लिए भोपाल स्टेशन आया था।

रात को ट्रेन नहीं मिली तो वह मुसाफिर खाने में जाकर सो गया। इस दौरान उसका 10 हजार रुपये कीमत का मोबाइल चोरी हो गया। चोरी गए मोबाइल के कवर में साढ़े तीन हजार रुपये नकदी भी रखे थे। इसी प्रकार शहडोल निवासी अदिति शर्मा इंदौर से भोपाल की यात्रा कर रही थी। सीहोर स्टेशन पर अपना मोबाइल चार्जिंग पाइंट पर लगाकर वह वाशरूम चली गई। वापस लौटी तो मोबाइल फोन चोरी हो चुका था। चोरी गए मोबाइल की कीमत 10 हजार रुपए बताई गई है। चार्जिंग पाइंट से चोरी किया मोबाइल ललितपुर उत्तर प्रदेश निवासी अनंतराम गौतम अपनी पत्नी का इलाज कराने के लिए भोपाल आये थे। रात को वह रानी कमलापति ओवर ब्रिज पर सो गए। इस दौरान उनका चार्जिंग पाइंट पर लगा मोबाइल फोन चोरी हो गया। चोरी गए मोबाइल की कीमत 12 हजार रुपए बताई गई है। इसी प्रकार बैरसिया रोड भोपाल निवासी इरफान खान अपने रिश्तेदार को ट्रेन में बिठाने के लिए भोपाल स्टेशन पहुंचे थे। बिलासपुर एक्सप्रेस में सवारी बिठाते समय किसी ने उनकी जेब से 14 हजार रुपये कीमत का मोबाइल चोरी कर लिया।

**सीएमओ ने दी पत्रकार को जान से मारने की धमकी**

**सिवनी मालवा।** नगर पालिका में लगातार विवादों की सुर्खियों में नयी कडी जुडी है। अब नपा सीएमओ शीतल भलावी द्वारा नगर पालिका कार्यालय में जानकारी लेने गए एक पत्रकार केके यदुवंशी के साथ कथित तौर पर झूमाझटकी और जान से मारने की धमकी का मामला सामने आया है। इसके बाद नपा कर्मचारियों के साथ मिलकर पुलिस थाना में यदुवंशी के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने सहित अन्य मामले में रिपोर्ट भी दर्ज कराई गई। बताया जाता है कि यदुवंशी को छुट्टी के दौरान रात्रि लगभग 11 बजे नपा कार्यालय खुला होने की जानकारी मिली तो वे जानकारी लेने के लिए पहुंचे। पत्रकार ने मोबाइल से वीडियो बनाना चाहा तो इस दौरान नगर पालिका सीएमओ नगर पालिका में पदस्थ पांच,छे कर्मचारियों को बुलाकर पत्रकार का मोबाइल छीन लिया ।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रसलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया** **संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022